

# पुष्पांजली टुडे

**नई सोच, नई पहल**




■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 334

ग्वालियर, शुक्रवार, 28 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


# उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा की सरकारें केवल जातिवाद और परिवारवाद के लिए चली : अमित शाह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है उसने सघन प्रचार अभियान आरंभ कर दिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह मथुरा पहुंचे थे। मथुरा पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले बांके बिहारी के दर्शन किए। इसके बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अखिलेश यादव और मायावती पर जमकर हमले किए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश में चुनाव को विधायक के चुनाव की तरह मत समझिए। किसी के मंत्री और मुख्यमंत्री बनने का चुनाव मत समझिए। उत्तर प्रदेश का चुनाव भारत के भाग्य का निर्णय करने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि ब्रज क्षेत्र की समस्त जनता को मैं हाथ जोड़कर धन्यवाद करना चाहता हूं क्योंकि चाहे चुनाव 2014 का हो, 2017 का हो या चाहे 2022 का हो, ब्रज के डिब्बे जब खुलते हैं तो सिर्फ कमल ही कमल दिखाई देता है। अखिलेश यादव और मायावती पर हमला करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा की सरकारें चली, ये केवल जातिवाद और परिवारवाद के लिए चली। तुष्टिकरण के आधार पर चली, भृष्टाचार का यहां बोलबाला था। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने से पहले उत्तर प्रदेश की जनता ने सपा और बसपा की सरकारें देखीं हैं। सपा आती थी एक जाती का काम करती थी। बसपा आती थी दूसरी जाती का काम



करती थी। कभी किसी ने इस राज्य के विकास का नक्शा नहीं खींचा। भाजपा की सरकार किसी एक जाती की नहीं बल्की सारे समाज की है। उन्होंने अखिलेश पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार के बाद बाहुबली पुलिस से डरकर सरेंडर करने लगे हैं। जब इन पर गाज गिरती है तो अखिलेश यादव के पेट में दर्द होता है।

अमित शाह ने कहा कि कहीं आज़म खान कहीं मुख्तार अंसारी ना जाने कितने फैला रखे थे। आज़म खान को जब पकड़ा तब सारी धाराएं कम पड़ गईं। इतने मामले इन पर लगे। शाह ने दावा किया कि अखिलेश बाबू के शासन से भाजपा के शासन में, डकैती में 70 प्रतिशत की कमी हुई है। लूट में 72 प्रतिशत की कमी हुई है। हत्या में 29 प्रतिशत की कमी हुई है। अपहरण में 35 प्रतिशत की कमी हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भगवान परशुराम के नाम पर यहां प्रदेश में परशुराम पार्क का निर्माण किया जा रहा है। मथुरा में भव्य कृष्ण महोत्सव का उत्सव करके, दुनिया भर के तीर्थ यात्री मथुरा में आये, इस परंपरा को भाजपा ने शुरू किया है। अपना हमला जारी रखते हुए शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ये कहते हैं कि मुफ्त बिजली देंगे। अरे भाई अखिलेश, आप तो बिजली ही नहीं दे पाए, मुफ्त की क्या बात कर रहे हो आप। जो बिजली नहीं दे पाया, वो बिजली मुफ्त दे पाएगा क्या? शाह ने दावा किया कि 1.41 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन देने का काम भाजपा सरकार ने किया है।

## छात्र आंदोलन को लेकर मायावती का बीजेपी पर वार

**नई दिल्ली।** रेलवे भर्ती बोर्ड (आरबीबी) की गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणी (एनटीपीसी) परीक्षा के रिजल्ट को लेकर बिहार में



छात्रों के आंदोलन पर यूपी में सियासत गर्म हो गई है। इस मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलश यादव, कांगेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के बाद अब बसपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी भाजपा पर हमला बोला है। एक ट्वीट में उन्होंने लिखा कि भाजपा युवाओं से पकोड़ा बिकवाने का अपना विजन बदले। एक के बाद एक उन्होंने दो ट्वीट किए। पहले ट्वीट में उन्होंने लिखा- पहले यूपीटीएनटी और अब रेलवे के आरआरबी-एनटीपीसी रिजल्ट को लेकर यूपी व बिहार में कई दिनों से भारी हंगामा जारी है, यह सरकारों की विफलताओं का ही प्रमाण हैं। गरीब युवाओं व बेरोजगार नौजवानों के भविष्य के साथ ऐसे खिलवाड़ और विरोध करने पर उनकी पिटाई सर्वथा अनुचित है। गौरतलब है कि इसके पहले राहुल गांधी ने छात्रों के समर्थन में बिहार के जहानाबाद जिले के एक रेलवे स्टेशन का वीडियो ट्वीट किया था। वीडियो में दिख रहा है कि छात्र ट्रैक पर उतर कर आवागमन ठप कर रहे हैं। राहुल ने लिखा था- अधिकारों के लिए आवाज उठाने को हर नौजवान स्वतंत्र है।

## राहुल गांधी अमृतसर स्वर्ण मंदिर के दरबार साहिब में माथा टेकने पहुंचे

**अमृतसर।** पंजाब में विधानसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में माथा टेकने पहुंचे। उनके साथ मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और पार्टी के प्रदेश



अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू भी मौजूद रहे। राहुल गांधी अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। एयरपोर्ट से राहुल गांधी दरबार साहिब नतमस्तक होंने पहुंचे हैं। इसके बाद वह दुर्गियाना मंदिर और भगवान वाल्मीकि तीर्थ के भी दर्शन करेंगे। राहुल गांधी के साथ इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी, नवजोत सिंह सिद्धू सहित कांग्रेस के तमाम उम्मीदवार विशेष तौर पर मौजूद हैं। जानकारी के अनुसार राहुल गांधी के पंजाब आने पर पुलिस की तरफ से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। पुलिस के सुरक्षा प्रबंधों के बीच राहुल गांधी दरबार साहिब नतमस्तक होने पहुंच गए हैं। मालूम हो कि राहुल गांधी की फ्लाइट मौसम खराब होने के कारण एक घंटा देरी के साथ पहुंची। राहुल गांधी सड़क मार्ग द्वारा जालंधर जाएंगे, जहां वह बाद दोपहर वाइट डायमंड, मिठ्ठापुर, जालंधर में 'नई सोच नया पंजाब' वर्चुअल रैली को संबोधन करेंगे।

**टाटा का 69 साल का इंतजार समाप्त नहीं होने वाला**

# टल सकती है एयर इंडिया की घर वापसी!

### अब शुक्रवार को टाटा को सौंपी जा सकती है एयर इंडिया की कमान

**नई दिल्ली।** पिछले साल नीलामी के बाद टाटा को एयर इंडिया सौंपने की प्रक्रिया जारी है। लेकिन कुछ दिक्कतों की वजह से अभी तक नहीं हो पाई है। टाटा को गुरुवार को एयर इंडिया सौंपे जाने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन आखिरी समय पर यह जानकारी मिल रही है कि टाटा का 69 साल का इंतजार अभी खत्म नहीं होने वाला है। जानकारी के मुताबिक अब टाटा को एयर इंडिया शुक्रवार को सौंपी जा सकती है। पिछले साल एय इंडिया की हुई नीलामी में टाटा समूह और स्पाइसजेट के चेयरमैन अजय सिंह ने बोलियां पेश की थीं। नीलामी में टाटा समूह की 18 हजार करोड़ रुपए की बोली को बेहतर पाया गया। इसके बाद सरकार ने 8 अक्टूबर को ऐलान कर दिया कि टाटा की बोली नीलामी में सफल चुनी गई है।सरकार ने इस डील के शेयर पर्चेज एग्रीमेंट



पर 25 अक्टूबर को हस्ताक्षर कर दिए थे। अधिकारियों ने बताया था कि जरूरी सभी औपचारिकताएं भी हो चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि सरकार टाटा को गुरुवार को एयर इंडिया सौंपी सकती है।

टाटा समूह के पास पहले से ही दो एयरलाइन कंपनी विस्तार और एयर एशिया है। अब एयर इंडिया भी आ गई है। इसे टाटा समूह की सब्सिडियरी टेलेश प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा जाएगा1 इस डील में टाटा को ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी एआईएसएटीएस का 50 फीसदी शेयर भी मिला है। अपने जमाने के दिग्गज उद्योगपति जेआरडी टाटा को एअरलाइन सेक्टर में काफी रूचि थी। उन्होंने 1932 में भारत की पहली एयरलाइन कंपनी शुरू की, जिसे टाटा एअरलाइंस मिला। तब दो लाख रुपए से शुरू यह कंपनी एयर पार्सल ढोती थी। इसकी पहली उड़ान कराची से चेन्नई तक की थी और उसे खुद जेआरडी उड़ा रहे थे। टाटा एअरलाइंस को 1946 में एयर इंडिया नया नाम मिला। आजादी के कुछ साल बाद 1953 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की सरकार ने एयर इंडिया का राष्ट्रीयकरण कर दिया। तब से एयर इंडिया का कंट्रोल सरकार के हाथों में ही रहा। हालांकि जेआरडी टाटा 1977 तक एयर इंडिया के चेयरमैन बने रहे। तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के साथ हुए विवाद के बाद जेआरडी टाटा एयर इंडिया से अलग हो गए। टाटा का साथ छूटते ही सरकारी रवैये से इसे चलाना सरकार को भारी पड़ने लगा। 2000 आते-आते इसमे भ्रष्टाचार की खबरें बाहर आने लगीं1 सरकार के लिए एअर इंडिया चलाना सफेद हाथी पालने जैसा मुश्किल साबित हो रहा था1 उसके बाद विभिन्न सरकारों ने एयर इंडिया को संभालने के कई उपाय किए, लेकिन कुछ काम नहीं आया। आखिरकार 28 जून 2017 को एयर इंडिया बेच जाने का ऐलान हो गया।

## भारत-मध्य एशिया समिट- पीएम मोदी ने कजाखस्तान में हुई मौतों पर दुख जताया, अफगानिस्तान के हालात पर भी जताई चिंता



नई दिल्ली, एएनआइ। भारत-मध्य एशिया समिट की पहली बैठक में वर्चुअली हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और मध्य एशिया देशों के कूटनीतिक संबंधों ने 30 सार्थक वर्ष पूरे कर लिए हैं। पिछले तीन दशकों में हमारे सहयोगियों ने कई सफलताएं हासिल की हैं।

**भारत के लिए कई मायनों में अहम बैठक:** पीएम मोदी ने कहा मध्य एशियाई देशों के साथ भारत के रिश्तों की नई शुरुआत गुरुवार को हो रही है। पहले भारत-मध्य एशिया सम्मेलन के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाखस्तान और तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपतियों के साथ बैठक हुई। वैश्विक कूटनीति के तेजी से बदल रहे समीकरणों को देखते हुए भारत के लिए इस बैठक की बहुत ज्यादा अहमियत है, लेकिन इसके साथ ही कई सारी चुनौतियां भी दिख रही हैं।

**भारत के सभी मध्य एशियाई देशों के साथ गहरे संबंध:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के सभी मध्य एशियाई देशों के साथ गहरे संबंध हैं। कजाखस्तान भारत की ऊर्जा सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भागीदार बन गया है। मैं कजाखस्तान में हाल ही में हुई मौतों पर संवेदना व्यक्त करता हूं। क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए हम सभी की चिंताएं और उद्देश्य एक समान हैं। अफगानिस्तान के घटनाक्रम से हम सभी चिंतित हैं। इस संदर्भ में हमारा आपसी सहयोग क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए और महत्वपूर्ण हो गया है।

## खास खबर

### पद्मश्री अवार्ड को ठुकराने वालीं मशहूर गायिका संध्या मुखर्जी अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** हाल ही में पद्मश्री अवार्ड को ठुकराने वालीं पश्चिम बंगाल की मशहूर गायिका संध्या मुखर्जी खराब सेहत के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया है।90 वर्षीय संध्या मुखर्जी को बंगाल सरकार द्वारा गुरुवार दोपहर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को निर्देश दिया कि उन्हें ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से सरकारी अस्पताल पहुंचाया जाए। गायिका के परिवार के सदस्यों ने कहा कि उन्हें बुधवार रात से बुखार हो रहा था और फेफड़ों में जमाव के लक्षण थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें सुस्ती महसूस हो रही थी और सांस लेने में समस्या थी। बताया गया कि कुछ समय पहले उनकी कमर में चोट भी लग गई थी। बता दें कि इससे पहले पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के साथ ही संध्या मुखर्जी और तबला वादक अनिंद्य चटर्जी ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार द्वारा दिए गए पद्म पुरस्कारों को लेने से इनकार कर दिया है। संध्या मुखर्जी ने यह सम्मान लेने से इनकार करते हुए इस अपना अपमान कहा। गायिका के एक पारिवारिक दोस्त ने बताया कि जब केंद्र सरकार के अधिकारियों ने उन्हें मंगलवार की दोपहर इस बात की सूचना दी तभी उन्होंने अवार्ड लेने से इनकार कर दिया। संध्या मुखर्जी से बातचीत के बाद उनके एक पारिवारिक मित्र ने कहा कि दिल्ली से एक अधिकारी ने उन्हें दोपहर के समय फोन किया था। उन्होंने अधिकारी से कहा कि पद्म श्री उनके जैसी अनुभवी शख्सियत को दिया जाने वाला अवार्ड नहीं है। इस अवार्ड को लेना अपमान के बराबर होगा।

### रेलवे भर्ती को लेकर बवाल में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई का हाथ

**नई दिल्ली।** आरआरपी-एनटीपीसी भर्ती परीक्षा को लेकर बिहार और यूपी के कुछ हिस्सों में हुए हिंसक प्रदर्शन के पीछे आखिर किसका हाथ है? ट्रेनों में आगजनी और तोड़फोड़ के बाद बिहार में पुलिस ने जहां खान सर सहित कई कोचिंग संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किया है तो अब कांग्रेस पार्टी के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का नाम भी सामने आ रहा है। रेलवे की इंटेलिजेंस रिपोर्ट में कहा गया है कि है कि एनएसयूआई ने ही छात्रों से 26 जनवरी को देशभर में रेल रोको अभियान का आह्वान किया था। पूर्वी रेलवे के डीआईजी और चीफ सिक्योरिटी कमिश्नर की ओर से 25 जनवरी को लिखे गए लेटर में कहा गया है कि इस बात के इनपुट मिले हैं कि आरआरबी एनटीपीसी अभ्यर्थियों को 26 जनवरी के दिन देशभर में रेल रोको अभियान चलाने को कहा गया है। एनएसयूआई ने रेल रोको अभियान को अपना समर्थन दिया है। इनपुट यह भी संकेत देते हैं कि एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी आंदोलन को समर्थन दे सकते हैं। डीआईजी ने सभी रेलवे अधिकारियों से इस इनपुट के आधार पर एहतियाती कदम उठाने को कहा था ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। हालांकि, इसके बावजूद कई जगहों पर ट्रेनों में आग लगा दी गई तो जगह-जगह प्रदर्शनकारियों ने टेनों का रास्ता रोक दिया।

### अरुणाचल प्रदेश से लापता युवक को चीनी सेना ने भारत को सौंपा

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश से लापता हुए मिराम तारोन को चीनी सेना ने भारतीय सेना को सौंप दिया है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने दी है। उन्होंने एक ट्वीट कर बताया है कि चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने अरुणाचल प्रदेश के युवक मिराम तारोन को भारतीय सेना को सौंप दिया है। मेडिकल जांच सहित उचित प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। अरुणाचल प्रदेश से लापता हुए मिराम तारोन को चीनी सेना ने भारतीय सेना को सौंप दिया है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने दी है। उन्होंने एक ट्वीट कर बताया है कि चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने अरुणाचल प्रदेश के युवक मिराम तारोन को भारतीय सेना को सौंप दिया है। मेडिकल जांच सहित उचित प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। 18 जनवरी को मिराम तारोन के किडनैप किए जाने की खबरें सामने आई थीं।

## भारी बारिश और ओलावृष्टि से पंजाब में आलू और गेहूं की फसल को भारी नुकसान



**जालंधर।** पंजाब का किसान इन दिनों मौसम की मार से जूझ रहा है। यहां लाखों किसानों और मजदूरों द्वारा लम्बी जद्दोजहद कर वापस करवाए तीन कृषि कानूनों के बाद उत्तरी भारत में खास तौर पर पंजाब के कृषि क्षेत्र के सामने एक और बड़ी चुनौती आई है। इसका हल यदि सरकार द्वारा समय पर न किया गया तो अनर्थ हो जाएगा। इस बात का खुलासा करते हुए किसान और आलू बीज उत्पादक हरिंदर सिंह ढींडसा ने बताया कि करीब 10 दिन पहले पड़ी भारी बारिश और ओलावृष्टि के कारण पंजाब और दोआबा क्षेत्र में आलू और गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। इस दौरान आलू के खेतों में तैयार फसल में से 80 प्रतिशत उत्पाद खराब हो चुका है। इसके साथ ही गेहूं के बहुत से खेतों में पानी लगा होने से बावजूद पड़ी अचानक बारिश के कारण खेतों में पानी भर जाने कारण गेहूं को खाद डालने में देर हो जाने के कारण बीमारियां लगने का डर प्रकट किया जा रहा है। एक बीज कंपनी के प्रमुख ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि बेमौसमी बारिश के कारण होने वाली आलू की खुदाई को अभी पता नहीं ओर कितने दिन लगेंगे। खुदाई में देर के कारण आलू के झाड़ पर उलट प्रभाव भी तय है। किसान नेता ने बताया कि आलू उत्पादन को सबसे अधिक नुकसान बरदाश्त करना पड़ेगा क्योंकि आलू को जरूरत से कहीं ज्यादा पानी लग चुका है जिस कारण आलू के खेतों में या स्टोर में पड़े पड़े गलना तय है। इसके अलावा बेमौसमी बारिस का पशु चारे और सब्जियों के उत्पादन पर भी काफी बुरा प्रभाव देखने को मिल रहा है जो किसानों की कमर तोड़ कर रख देगा। इसके साथ ही उत्पादन घटने कारण महंगाई भी आम लोगों का बजट बिगाड़ सकती है। शिरोमणि अकाली दल के पूर्व जिला प्रधान हरिंदर सिंह ढींडसा ने कहा कि कुदरत की प्रकोप के कारण न सिर्फ किसान, पशु पालकों, सब्जी उत्पादकों का भारी नुकसान हुआ है। दैनिक वेतन वाले कृषि मजदूरों को भी कई दिन काम न मिलने कारण रोटी के लाले पड़े हुए हैं। इसलिए पंजाब सरकार को समूह किसान मजदूर भाईचारे के लिए अधिक से अधिक मुआवजा प्रदान करना चाहिए।

## असम में आदिवासी उग्रवाद का युग हुआ खत्म, टीएलए और यूजीपीओ संगठन ने किया आत्मसमर्पण

**गुवाहाटी।** असम में आज दो उग्रवादी संगठनों (टीएलए और यूजीपीओ) ने औपचारिक रूप से आत्मसमर्पण कर दिया और हथियार डाल दिए। इसके साथ ही हर आदिवासी समूह मुख्यधारा से जुड़ गया है। ये जंगल में अंतिम उग्रवादी थे। अब असम में आदिवासी उग्रवाद का युग आखिरकार खत्म हो गया है। यह बात गुरुवार को राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने ट्वीट कर कही है।

**गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री के काफिले को घटाया गया:** वहीं, दूसरी ओर असम मंत्रिमंडल ने गुरुवार को सीएम के काफिले में शामिल कारों को कम कर दिया है। गुवाहाटी महानगर क्षेत्र के भीतर यात्रा करते समय मुख्यमंत्री के काफिले में



कारों की संख्या को छह तक कम करने का फैसला किया गया है। अन्य क्षेत्रों या जिलों में यात्रा करते समय मुख्यमंत्री के काफिले में एस्कार्ट और पायलट कारों को छोड़कर 12 कारें शामिल होंगी। मुख्यमंत्री की सड़क यात्रा के दौरान यातायात पहले से बाधित नहीं होगा और यदि आवश्यक हो, तो दो मिनट से अधिक की अवधि के लिए रोका जा सकता है। अन्य अहम फैसलों में यह तय किया गया कि एंबुलेंस की आवाजाही को मुख्यमंत्री की गाड़ी के काफिले पर वरीयता दी जाएगी और इसे रोका नहीं जाएगा। जिला निर्माण की अधिसूचना की तिथि को स्थानीय लोगों की भागीदारी के साथ सभी जिलों द्वारा जिला दिवस मनाने का भी निर्णय लिया गया है। सीएम के काफिले को लेकर असम के मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि सार्वजनिक असुविधा को समाप्त करने के लिए हमने असम मंत्रिमंडल में सीएम की यात्रा के दौरान सीएम के काफिले के आकार को कम करने और लंबे समय तक यातायात न रोकने का फैसला किया है।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने अभिनेत्री जूही चावला को दी राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अभिनेत्री जूही चावला के खिलाफ इन टिप्पणियों को कार्यवाही से निकाल दिया कि उन्होंने प्रचार पाने के लिए 5जी नेटवर्क स्थापित करने को चुनौती देने वाला वाद दायर किया था। न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने जूही पर लगे जुर्माने की राशि को 20 लाख रुपये से घटाकर 2 लाख रुपये कर कहा कि जूही ने 5जी मुद्दे को हल्के-फुल्के तरीके से नहीं लिया था। खंडपीठ ने अभिनेत्री जूही चावला की अपील को स्वीकार कर एकल न्यायाधीश के 4 जून, 2021 के आदेश को रद्द कर दिया।

## प्रयागराज- छात्रों के लॉज-हॉस्टलों में पुलिस तोड़फोड़ की प्रियंका गांधी ने की निंदा

**प्रयागराज।** यूपी की अध्यात्म नगरी प्रयागराज में मंगलवार को छात्रों के निजी लॉज-हॉस्टलों में पुलिस द्वारा की गई तोड़फोड़ का वीडियो ट्विटर पर साझा करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस घटना की निंदा की। प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया है, %प्रयागराज में पुलिस द्वारा छात्रों के लॉज और हॉस्टलों में जाकर तोड़-फोड़ करना एवं उनको पीटना बेहद निंदनीय है। प्रशासन इस दमनकारी कार्रवाई पर तुरंत रोक लगाए। युवाओं को रोजगार की बात कहने का पूरा हक है और मैं इस लड़ाई में पूरी तरह से उनके साथ हूं।% जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि यह पूरा प्रकरण कर्नलगंज थाना क्षेत्र का है। पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रयाग स्टेशन के पास हजार की संख्या में छात्र उपद्रव कर रहे हैं और रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। उन्होंने बताया, 'कुछ उपद्रवी छात्रों द्वारा रेल इंजन में आग लगाने की भी आशंका जताई गई थी। इस सूचना पर दंगा नियंत्रक उपकरणों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल प्रयाग स्टेशन पहुंचा और छात्रों को वहां से भगाया। कुछ उपद्रवी छात्रों ने पुलिस पर पथराव किया था।' वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पथराव के बाद ये छात्र आसपास के लॉज में जाकर छिप गए थे।

## वन-टू-वन

### टीके के बिना भी फ्रेंच ओपन खेल सकेंगे जोकोविच




**पेरिस।** टीकाकरण नहीं होने के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस नहीं खेल पाये सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच को बड़ी राहत मिली है। फ्रांस सरकार के नये कोरोना टीकाकरण के कारण अब विश्व के इस नंबर एक खिलाड़ी को टीका नहीं लगवाने के बिना भी मई में फ्रेंच ओपन खेलने में परेशानी नहीं आयेगी। जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया के कड़े कोरोना टीकाकरण नियमों का पालन नहीं करने के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन खेलने की अनुमति नहीं मिली थी और उन्हें निर्वासित भी कर दिया गया था। शुरू में ऐसा लग रहा था कि वह फ्रेंच ओपन भी नहीं खेल सकेंगे क्योंकि फ्रांस में एक नए कानून में भी ऐसे लोगों को स्टेडियम, रेस्त्रां, बार या अन्य सार्वजनिक जगहों पर प्रवेश की अनुमति नहीं है जिन्होंने कोरोना का टीका नहीं लगवाया है। फ्रांस के खेलमंत्री रोक्साना एम ने कहा है कि जैसे ही कानून पास हो जाएगा, टीकाकरण पास हर सार्वजनिक स्थान पर प्रवेश के लिए अनिवार्य होगा। यह दर्शकों, फ्रेंच या विदेशी पेशेवरों पर भी लागू होगा। सोमवार से लागू हुए इस कानून के तहत पिछले छह महीने में कोरोना संक्रमित होने का सबूत देने वाले व्यक्ति को इस पास को दिखाने की जरूरत नहीं रहेगी। इससे साफ हैं कि जोकोविच मई जून में फ्रेंच ओपन खेल सकते हैं क्योंकि वह दिसंबर के मध्य में संक्रमित हुए थे।

### सूर्यकुमार आने वाले दिनों में बेहतरीन बल्लेबाज बनेंगे : कार्तिक

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि युवा बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आने वाले दिनों में भारतीय टीम की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं। सूर्यकुमार ने अभी तक भारत की ओर से 15 मैच खेले हैं जिनमें 4 एकदिवसीय और 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले शामिल हैं पर उन्हें अभी तक टेस्ट खेलने का अवसर नहीं मिल पाया है। सूर्य ने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के तीसरे एकदिवसीय में 32 गेंदों पर 39 रन बनाए थे। उनकी पारी में 4 चौके और 1 छक्का शामिल था।

# रोहित की कप्तानी में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज में उतरेगी भारतीय टीम

### बिश्नोई, हर्षल और हुड्डा भी शामिल
### बुमराह और शमी को आराम




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित की है। कप्तान रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई है जबकि युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई, तेज गेंदबाज हर्षल पटेल और ऑलराउंडर दीपक हुड्डा को भी टीम में शामिल किया गया है। स्पिनर कुलदीप यादव की भी लंबे समय बाद एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में वापसी हुई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 6 अक्टूबर से अहमदाबाद जबकि टी20 सीरीज 16 फरवरी से कोलकाता में खेली जाएगी। चोट के कारण दक्षिण अफ्रीकी दौरे से बाहर रहे रोहित शर्मा टीम की कप्तानी करेंगे। पूर्व कप्तान विराट कोहली भी टीम में शामिल हैं। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और रविंद्र जडेजा को फिट नहीं होने के कारण आराम दिया गया है। बीसीसीआई ने यहां जारी एक बयान में कहा, ' बुमराह और शमी को आराम दिया गया है जबकि लोकेश राहुल दूसरे एकदिवसीय से टीम से जुड़ेंगे। जडेजा घुटने की चोट से अभी नहीं उबरे हैं, इसलिए उनके नाम पर विचार नहीं हुआ।% वहीं ऑलराउंडर वेंकेटश अय्यर को दक्षिण अफ्रीका में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं करने के कारण एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली है। उनकी जगह ऑलराउंडर दीपक हुड्डा को टीम में रखा गया है। वेंकटेश को हालांकि टी20 टीम में रखा गया है। युवा वाशिंगटन सुंदर ने भी चोट से उबरने के बाद एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए वापसी की है जबकि अक्षर पटेल टी20 श्रृंखला में ही खेलेंगे। बिश्नोई को सीमित ओवरों की दोनों टीम में जगह मिली है। भुवनेश्वर कुमार को टी20 टीम में बरकरार रखा गया है पर उन्हें एकदिवसीय टीम से बाहर कर दिया गया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच छह, नौ और 11 फरवरी को जबकि टी20 मैच 16, 18 और 20 फरवरी को खेले जाएंगे। कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए केवल दो शहरों में ही यह सीरीज खेली जाएगी।

## मेदवेदेव और सिटसिपास ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

**मेलबर्न।** रुस के टेनिस स्टार दानिल मेदवेदेव ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव ने क्वार्टर फाइनल में पहले दो सेट हारने के बाद अच्छी वापसी करते हुए अंतिम चार में जगह बनायी। वहीं यूनान के स्टेफनोस सिटसिपास भी एक अन्य मुकाबले में जीत के साथ ही सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। अब सेमीफाइनल में इन दोनो के बीच टक्कर होगी। पहले क्वार्टर फाइनल में मेदवेदेव ने नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को 6-7 (4), 3-6, 7-6 (2), 7-5, 6-4 से हराया। आगर एलियास्सिमे पहले दो सेट में आगे होने के बाद तीसरे सेट के टाई ब्रेकर में केवल दो अंक ही हासिल कर पाए और फिर उन्होंने चौथे सेट के 10वें गेम में मेदवेदेव की सर्विस पर मैच अंक खो दिया। रूसी खिलाड़ी ने इसके बाद आगर एलियास्सिमे की सर्विस तोड़ दी जिससे मैच बराबरी पर आ गया। मेदवेदेव ने निर्णायक सेट के तीसरे गेम में ब्रेक अंक हासिल किया और फिर यह सेट और मैच जीत लिया। वहीं दूसरे क्वार्टर फाइनल में सिटसिपास ने 11वीं रैंकिंग वाले यानिक सिनेर को 6-3, 6-4, 6-2 2 से हराया। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर कायम सिटसिपास का ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में रिकॉर्ड 5-0 का है हालांकि सेमीफाइनल में वह केवल एक बार ही जीते हैं। वहीं महिला वर्ग में इगा स्वियातेक ने केइया कानेपी को 4-6, 7-6 (2), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी।

# शास्त्री ने विराट को दो-तीन महीने का ब्रेक लेने की सलाह दी



**मस्कट।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने पूर्व कप्तान विराट कोहली को सलाह दी है कि वह अपने करियर को बढ़ाने के लिए खेल से दो-तीन माह का ब्रेक लें। शास्त्री के अनुसार विराट अगर यह ब्रेक लेते हैं तो वह आने वाले तीन-चार साल तक खतरनाक खिलाड़ी के तौर पर खेल सकते हैं। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को मिली हार के बाद कप्तानी छोड़ दी थी।

भारत की ओर से सबसे ज्यादा टेस्ट मैचों में टीम की कप्तानी करने वाले विराट सबसे सफल भारतीय टेस्ट कप्तान भी हैं। उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में टीम की कमान संभाली जिसमें से 40 मैचों में टीम को जीत मिली। शास्त्री के अनुसार विराट अगर थोड़े समय आराम कर अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान दें तो वह चार से पांच साल और खेल सकते हैं। पाक तेज गेंदबाज शोएब अख्तर के साथ बातचीत के दौरान शास्त्री ने कहा, विराट भी समझ रहे हैं कि वह अभी 33 साल के हैं पर उनके अंदर अभी भी पांच साल का क्रिकेट बचा है। अगर वह केवल बल्लेबाजी पर ही ध्यान दे तो उन्हें लाभ मिलेगा। इसके लिए वह एक समय में एक मैच के बारे में ही विचार करें और खेल से छोटा सा ब्रेक भी ले ले। मुझे लगता है कि अगर वह दो-तीन महीने का ब्रेक ले तो उसके लिए यह बेहतर होगा।% उन्होंने आगे कहा, %इस ब्रेक के बाद वह टीम में लौटे और हावी होकर बल्लेबाजी करे। उन्हें पता हो कि टीम में उनकी भूमिका क्या है। गौरतलब है कि विराट ने विश्व कप के बाद टी20 की कप्तान छोड़ दी थी जबकि दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले उन्हें एकदिवसीय टीम की कप्तानी से हटा दिया गया था।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे में श्रीलंका के विशेषज्ञ गेंदबाजी कोच होंगे मलिंगा : एसएलसी

**कोलंबो।** श्रीलंका ने तेज गेंदबाज लसिथ मालिंगा को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का विशेषज्ञ गेंदबाजी कोच बनाया है। श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) के अनुसार , ' मालिंगा को छोटी अवधि के लिए विशेषज्ञ कोच नियुक्त किया गया है। इस दौरान वह श्रीलंकाई गेंदबाजों की मदद करने के अलावा रणनीतिक योजनाएं तैयार करने में भी सहयोग करेंगे।' इसके साथ ही कहा , 'एसएलसी को भरोसा है कि मालिंगा के लंबे अनुभवों का लाभ टीम को टी20 प्रारुप में मिलेगा।'







# राजस्व, परिवहन एवं जिले के प्रभारी मंत्री ने किया मुख्य समारोह में ध्वजारोहण

### जिला स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री के संदेश का किया वाचन

### जिले में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस





भिण्ड । राजस्व, परिवहन एवं भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने गणतंत्र दिवस-26 जनवरी 2022 के जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड भिण्ड पर ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व, परिवहन एवं भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने जिला कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के साथ परेड की टुकडियों का निरीक्षण किया। इसके बाद जिला स्तरीय मुख्य समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया।

राजस्व, परिवहन एवं भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने गणतंत्र दिवस-26 जनवरी 2022 के मुख्य समारोह में हर्ष के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे हवा में छोडे। मुख्य समारोह में परेड की टुकडियों ने हर्ष फायर किया। इसके बाद मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत को परेड की टुकडियों में एसएएफ, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, पुलिस महिला प्लाटून, एनसीसी सीनियर पुरूष एवं एनसीसी सीनियर महिला एवं कोटवार की टुकडियों ने सलामी दी। परेड का नेतृत्व में परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक रजनी सिंह गुर्जर एवं द्वितीय कमान टूआईसी सूबेदार प्रेमसिंह राठौर ने संभाली। समारोह के मुख्य अतिथि एवं मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत का कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने परेड की टुकडियों के कमाण्डरों से परिचय कराया। जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने मुख्य समारोह में जिला पंचायत, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, कृषि, शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उद्योग, आदिम जाति कल्याण विभाग, पशु चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला पुरातत्व, प्रधानमंत्री ग्राम सडक द्वारा मनोहारी एवं आकर्षक झांकियां निकाली गई। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 17वीं वाहिनी एसएएफ को प्रथम, जिला पुलिस बल महिला को द्वितीय एवं जिला होमगार्ड को तृतीय पुरूष्कार के रूप में शील्ड प्रदान की। राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने झांकियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को प्रथम, शिक्षा विभाग को द्वितीय एवं कृषि विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरूष्कार प्रदान किए। साथ ही मंत्री श्री राजपूत ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी, स्वैच्छिक संगठन, सामाजिक संस्थाओं, पुलिस एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालो को पुरूष्कृत किया गया।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में क्षेत्रीय सांसद संध्या राय, उपाध्यक्ष बीज विकास निगम राजकुमार कुशवाह, क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिण्डोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष नाथूसिंह गुर्जर, पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह, रमेश दुबे, अशोक सिंह भदौरिया, जिला पंचायत सीईओ जेके जैन, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला समन्वयक शिक्षा केन्द्र वरूण अवस्थी, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी, पत्रकार, नगरीय निकाय एवं पंचायतो के पदाधिकारी तथा अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव के तहत चल रहे खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



भिण्ड। आदर्श गांव योजना के तहत मध्य प्रदेश के मालनपुर क्षेत्र में आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव के तहत चल रहे खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विनोद कुशवाह थाना प्रभारी मालनपुर, विशेष अतिथि तपन कुमार जी सूर्या रोशनी लिमिटेड प्लांट हेड, मुकुल चतुर्वेदी महाप्रबंधक मालनपुर, सौरभ सीईओ मालनपुर, शिवकुमार मध्य प्रदेश क्षेत्र प्रमुख सूर्या फाउंडेशन, कार्यक्रम अध्यक्ष अशोक पाल के साथ समस्त अतिथि गणों ने मां भारती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों का तिलक व पटके से स्वागत अपने युवा साथी द्वारा किया गया, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सात दिवसीय किया गया। सभी विजय खिलाड़ियों को कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, एक किलोमिटर दौड़, 50 मीटर, 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, नींबू चम्मच दौड़, रिले दौड़ एवं अनेक प्रकार के प्रतियोगिताएं कराई गई। सभी विजेताओं को मेडल प्रशस्ति पत्र व शिल्ड से सम्मानित सभी अतिथियों द्वारा किया गया, और उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिससे खेल में रुचि बना रहे और उनका मनोबल बढ़ता रहे। कार्यक्रम की उद्बोधन में अपने मुख्य अतिथि विनोद कुशवाह ने सभी के सामने ग्राम विकास की बात रखें गांव का विकास बाहर वाले नहीं गांव वाले को ही करना होगा इसलिए गांव के लोगों को सामने आकर अपने रास्ते खुद बनाना होगा ऐसी बात मुख्य अतिथि द्वारा ग्राम वालों को प्रेरणा स्रोत बातें बताया गया व खेल के महत्व के बारे में भी बातें रखा की पढ़ाई के साथ-साथ अपने शारीरिक विकास के लिए बच्चों को खेल की आवश्यकता है जिससे उसकी मांसपेशियां मजबूत होगा और शारीरिक विकास होगा। सुर्या फाउंडेशन के सौरभ जी भी अपने उद्बोधन में बताएं कि सूर्या फाउंडेशन कि जो 5 आयाम शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य, समरसता एवं स्वालंबन को लेकर आदर्श गांव योजना ग्राम विकास की ओर आगे बढ़ रहे हैं जिसमें एक-एक पग बढ़ाते हुए सफलता की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन पर किया ध्वजारोहण

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने गणतंत्र दिवस-26 जनवरी 2022 के अवसर पर आज संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन पर ध्वजारोहण किया साथ ही राष्ट्रगान हुआ। उन्होंने गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र वरूण अवस्थी एवं संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित विभागो के अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए। इसीप्रकार कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने गणतंत्र दिवस-26 जनवरी 2022 के अवसर पर आज कलेक्टर निवास पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित थे।

### खेल को प्रतियोगिता नहीं समझें बल्कि खेल का आनंद उठाएं : कलेक्टर

**जिला स्तरीय आनंद उत्सव का हुआ आयोजन**

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय आनंद उत्सव 2022 का आयोजन एमजेएस महाविद्यालय खेल मैदान में किया गया। जिला स्तरीय आनंद उत्सव 2022 कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इसमें छात्र-छात्राओं सहित कई पुरुषों और महिलाओं ने भी भाग लिया। इस दौरान एडीएम प्रवीण फुलपगारे, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, डिप्टी कमांडेंट सहित अन्य अधिकारी, समाज सेवी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया बन्धु उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने छात्र-छात्राओं को खेलों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया साथ ही उन्होंने कहा कि खेलो को जीवन का अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल को प्रतियोगिता नहीं समझें बल्कि खेल का आनंद उठाएं। हमें हर चीज में आनंद ढूंढना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जिला आनंद संस्थान द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता, रस्साकशी, लंगडी दौड़, बोरा दौड़, खो-खो, लंबी कूद, ऊंची कूद सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं। जिसमें छात्र छात्राओं सहित पुरुषों और महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल विजेताओं को पुरूष्कृत किया गया।

### बड़ेगाँव नं.2 के शासकीय प्राथ.विद्यालय में शिक्षिकाओं की बड़ी लापरवाही, हुआ तिरंगे का अपमान

भिण्ड। एक ओर जहां पूरा देश धूम धाम से गणतंत्र दिवस का जश्न मना रहा था और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान किया जा रहा था तो वहीं दूसरी ओर दबोह क्षेत्र के ग्राम बड़ागाँव में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया जा रहा था। मामला नगर दबोह क्षेत्र का है जहां पर ग्राम बड़ागाँव नम्बर 2 में संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में गणतंत्र दिबस के मौके पर प्रातः फहराया गया तिरंगा देर रात तक विद्यालय की बिल्डिंग पर फहराता रहा। सूत्रों की माने तो दबोह क्षेत्र के ग्राम बड़ागाँव नम्बर 2 में पदस्थ स्टाफ अपनी लापरवाही को लेकर आये दिन चर्चे का विषय बना रहता है। 26 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर विद्यालय में पदस्थ शिक्षिकाओ द्वारा सुबह ध्वजारोहण तो किया गया परन्तु घर जल्दी जाने कर चक्कर मे तिरंगे को उतारना भूल गई।जब मीडियाकर्मियों ने विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका सीमा शाक्य से इस गैरजिम्मेदार हरकत व बड़ी लापरवाही की वजह पूछी तो शिक्षिका सीमा शाक्य कैमरे के सामने कोई सन्तुष्टि पूर्ण जबाब न देते हुए भागती नजर आई और फिर लगभग रात 8 बजे विद्यालय प्रबंधन द्वारा आनन-फानन में तिरंगे को उतरवा दिया गया।इससे साफ स्पष्ट है कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका को किसी भी अधिकारी का खौफ नही है।क्यों कि गणतंत्र दिवस पर तिरंगे का अपमान होना काफी बड़ी बात है।

### सांसद संध्या राय ने बूथ विस्तार को लेकर किया संवाद



भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश की उपाध्यक्ष भिंड दतिया सांसद संध्या राय भाजपा नेता रक्षपाल सिंह कुशवाह, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण सनी राजावत बूथ विस्तारक रामू नरवरिया बूथ विस्तारक कार्यक्रम के तहत ग्राम नुन्हाटा मजरा सीताराम पुरा भिण्ड विधानसभा के ग्रामीण मंडल के बूथ क्र.216 के साथी कार्यकर्ता बंधुओं के साथ बूथ विस्तार को लेकर संवाद किया।

# उद्योग क्षेत्र में हर्ष उल्लास के साथ 73 वां गणतंत्र दिवस मनाया



मालनपुर। मालनपुर नगर परिषद का घटित होने के बाद पहली बार गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर परिषद को दुल्हन की तरह सजाया गया सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें मालनपुर नगर परिषद सीएमओ रामप्रकाश जगने रिया के द्वारा ध्वजारोहण किया गया और मालनपुर क्षेत्र के लोगों से अपील की गई कि मालनपुर नगर परिषद बनने के बाद सब सहयोग करें जिससे मध्यप्रदेश में मालनपुर भी इंदौर की तरह साफ सफाई में अबल रहे जिससे मालनपुर क्षेत्र का भी नाम रोशन हो इसी तारतर्म में स्वास्थ्य केंद्र मालनपुर के सभी डॉक्टर्स एवं सभी कर्मचारियों ने मिलकर स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ध्वजारोहण का कार्यक्रम रखा इसका शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी डाक्टर पत्रकार परमाल सिंह तोमर डाक्टर मोहनीश तोमर डॉ वासुदेव सिकारिया ने मिलकर बाबासाहेब अंबेडकर व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर ध्वजारोहण किया। जिनके साथ में सभी मालनपुर क्षेत्र के पत्रकार बंधु एवं गणमान्य नागरिक गढ़ मौजूद रहे इसी क्रम में मालनपुर हनुमान चौराहा पर भवानी क्लीनिक पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने समस्त दुकानदार बंधुओं के साथ तिरंगा फहराया और कोग्रेश पूर्व नगर अध्यक्ष परमाल सिंह तोमर ने बताया कि हमारा देश कि हमारा देश पिछले 2 साल से एक महामारी की लड़ाई लड़ रहा है जिसको लड़ने के लिए मैं मालनपुर जनता से आग्रह करता हूं कि सब सहयोग करें और मार्क्स लगा कर रहे इस मोके पर जिन्ने खां आशाराम सिंह भदौरिया पप्पू गुर्जर सुरेश कनेक्टर, संतोष कुशवाह,मोनू शर्मा, सोनू शर्मा आदि मौजूद थे। एम जी इंडस्ट्री विगत कई वर्षों से बंद थी जो अभी कुछ माह पूर्व ही जे के टायर के द्वारा चालू कराई गई है उसमें पहली बार झंडा बड़ी ही धूमधाम से फहराया गया। जिसमें जी एम अनिल गुप्ता,एच आर हेड मनोज भार्गव, मेंटीनेंस हेड बी के सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे तथा माहौर महासभा के द्वारा भी माहौर बस्ती में आशा राम माहौर के मकान के सामने कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बरिष्ठ मजदूर नेता देवेंद्र शर्मा मुख्य बकता के रूप में उपस्थित थे जिसमें श्रीलाल माहौर, राकेश माहौर, मोतीराम माहौर, मनोज माहौर, नरेश माहौर, रामसहाय माहौर के अलावा बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे उपस्थित थे।

## गंदगी करने एवं फैलाने वाले संस्थानो, दुकान, मैरिज गार्डन, हाउसहोल्ड आदि पर जुर्माने की कार्यवाही की जाये : कलेक्टर

**स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों की बैठक लेकर दिए विभिन्न निर्देश**



भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी एवं उसके संबंधी की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा हेतु जिले के समस्त नगरीय निकायों की बैठक का आयोजन वर्चुअल रूप से किया। इस दौरान नगरीय निकायों के प्रशासक एवं समस्त सीएमओ उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने नगरीय निकाय बार स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु की जा रही गतिविधियों एवं तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने फरवरी माह में स्वच्छता संकल्प माह के रूप में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों से सभी नगरीय निकायों के संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के साथ निर्देश दिए कि कैलेंडर अनुसार सभी गतिविधियाँ आयोजित की जायें। उन्होंने कहां इस कार्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही बरदास्त नही की जायेगी एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने उपस्थित सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों से शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ ही गंदगी करने/फैलाने वाले संस्थानो, दुकान, मैरिज गार्डन, हाउसहोल्ड आदि पर जुर्माने की कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने भिण्ड नगरीय निकाय द्वारा नाले सफाई की योजना तैयार कर सभी बड़े एवं छोटे नालों की सफाई बेहतर ढंग से अभी से कराने विस्तृत निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा सभी सीएमओ को निर्देशित किया कि सभी शनिवार को ग्वालियर बालभवन में आयोजित स्वच्छता कार्यशाला में उपस्थिति हों।

# भारत पर्व में देशभक्ति एवं लोक गायन की दी प्रस्तुतियां

### निराला रंग बिहार मेला परिसर पर भारत पर्व आयोजित




भिण्ड । भारतीय गरिमा का शीर्ष उत्सव भारत पर्व गणतंत्र दिवस-26 जनवरी 2022 की संध्या बेला पर संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय स्थित निराला रंग बिहार मेला ग्राउण्ड भिण्ड पर आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत आजादी का अमृत महोत्सव लोकतंत्र का लोक उत्सव ''भारत पर्व'' के समारोह में आए कलाकारों एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। इसके साथ ही देष भक्ति पर आधारित कई प्रकार की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में भारत पर्व के आयोजन का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद संध्या राय, बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह कुशवाह, क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह, कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जेके जैन, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर वरूण अवस्थी, एसडीएम भिण्ड उदयसिंह सिकरवार, जिला शिक्षा अधिकारी रामभुवन सिंह, विभागीय अधिकारी, पत्रकार, संस्कृति-कलाप्रेमी, कलाकार, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# भारत पर्व पर विकास प्रदर्शनी का भी आयोजन



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस-26 जनवरी 2022 की संध्या बेला पर भारत पर्व के दौरान जिला जनसंपर्क कार्यालय भिण्ड के माध्यम से विकास प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। जिला जनसपंर्क कार्यालय द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी में ''स्वच्छता से बढ रहा है मध्यप्रदेश समृद्धि की ओर'', ''स्वच्छता का अपना अभियान बढ रहा है प्रदेष का मान'', ''आयुष्मान भारत निरामय मध्यप्रदेष'', ''सीएम राइज स्कूल'', 'लाडली लक्ष्मी योजना', 'मुष्किल गई गुजर गरीब को मिला अपना घर, ''सच हुआ सपना घर हुआ अपना, ''कोरोना को हराना है वैक्सीन जरूर लगवाना है'' आदि के छायाचित्रों का क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाह, क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह, कलेक्टर कलेक्टर डॉ सतीष कमार एस, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, जिला पंचायत सीईओ जेके जैन, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, जिला शिक्षा अधिकारी रामभुवन सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी, पत्रकार, छात्र-छात्राओं और आम नागरिको ने अवलोकन कर शासन की जनहितेषी एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

## अमर जवान ज्योति अब अपने सही स्थान पर

**डॉ विश्वास चौहान**

1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के बलिदानियों की स्मृति में अमर जवान ज्योति जो , अंग्रेजो द्वारा बनाई गई गुलामी की निशानी इंडिया गेट पर कांग्रेस सरकार द्वारा लगाई गई थी , वह अब इंडिया गेट से 400 मीटर दूर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक या नेशनल वॉर मेमोरियल पर प्रज्ज्वलित ज्योति के साथ प्रज्ज्वलित होगी। तथा इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति के स्थान पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा लगेगी। विदित हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 फरवरी 2019 को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया था, जहां भारत की रक्षा में प्राण देने वाले 25,942 वीर सैनिकों के नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखे गए हैं. इस युद्ध स्मारक में 1947-48 के युद्ध से लेकर गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष तक बलिदान हुए सैनिकों के नाम अंकित हैं. इनमें आतंकवादी विरोधी अभियान में जान गंवाने वाले सैनिकों के नाम भी हैं. सशस्त्र सेनाओं के सैनिकों के बलिदान पर इससे पहले कोई राष्ट्रीय स्मारक नहीं था. अब से पहले अमर जवान ज्योति इंडिया गेट पर प्रज्ज्वलित थी ,उस इंडिया गेट पर जिस को अंग्रेज एडविन लुटियन ने डिजाइन किया था. इसकी आधारशिला 10 फरवरी 1921 को रखी गई थी. ये 10 साल में बनकर तैयार हुआ था. 12 फरवरी 1931 को तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इर्विन ने इंडिया गेट का उद्घाटन किया था. इंडिया गेट को अंग्रेजों ने 1914 से 1918 तक प्रथम विश्व युद्ध में और 1919 में तीसरे एंग्लो-अफगान युद्ध में ,जिसमे 80 हजार से ज्यादा अंग्रेजी सेना के भारतीय सैनिक मारे गए थे उन्हें ही श्रद्धांजलि देने के लिए बनाया गया था. दिसंबर 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था. ये युद्ध 3 से 16 दिसंबर तक चला था. इस युद्ध में पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े थे. हालांकि, इसमें कई भारतीय जवान भी वीर गति को प्राप्त हुए थे. 1971 के युद्ध में भारतीय सेना के 3,843 जवान वीर गति को प्राप्त हुए थे. इन्हीं बलिदानियों की याद में अमर जवान ज्योति जलाने का फैसला हुआ. तब अंग्रेजो के बनाई इस गुलामी की निशानी यानी इंडिया गेट के नीचे एक काले रंग का स्मारक बनाया गया, जिस पर अमर जवान लिखा था. इस पर रु1 सेल्फ लोडिंग राइफल भी रखी हुई थी. इसी राइफल पर एक सैनिक हेलमेट भी लगा था। यही पर आ।र जवान ज्योति जला दी गयी थी , जिसका उद्घाटन 26 जनवरी 1972 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था. लेकिन 1971 के युद्ध मे बलिदान हुए एक भी सैनिक का न तो यहां नाम था न ही विवरण। इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति गांधी खानदान के निकम्मेपन और सेना के जवानों के बलिदान के प्रति लापरवाही एवम अपमान का प्रतीक था. यह जनचर्चा थी कि खुद के लिए बड़ी बड़ी समाधियां और भारत के लिए प्राण देने वाले सेना के बलिदानियों के लिए अंग्रेजो के बनाए इंडिया गेट के नीचे मात्र एक छोटी सी ज्योति रख कर काम चलाना.वैसे यह देशभक्तो को भी खटकता था। अब अंग्रेजो की इस निशानी पर अंग्रेजो के विरुद्ध लड़ने वाले आजाद हिंद फौज के सेनानायक सुभाष चन्द्र बोस गर्व से खड़े होकर मुस्करायेंगे । आने वाली पीढ़ियां अंग्रेजी सेना की ओर से लड़ने वालों के साथ साथ आजाद हिंद सेना की ओर से अंग्रेजो से लड़ने वालें रणबांकुरों को भी गर्व से याद करेगीं ओर सम्मान देंगी ...गांधी परिवार देशभक्तो को सही स्थान मिलने से शायद खुश नही है ,यह तथ्य राहुल गांधी और कांग्रेस के बयान से स्पष्ट हो रहा है ,पर स्वाधीनता के अमृत महोत्सव पर अमर जवान ज्योति को हुतात्माओं के नाम और विवरण के साथ युद्ध स्मारक पर प्रज्ज्वलित करना तथा सुभाष चन्द्र बोस को अंग्रेजी गुलामी की निशानी की छाती पर खड़ा करना एक श्रेष्ठ कार्य है ।


# लगातार बढ़ रहा है कांग्रेस का कुनबा!

**श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

चुनाव के लिए नामांकन शुरू हो चुके है।राजनीतिक पार्टियां भी आए दिन अपने प्रत्याशियों के नामो की सूची जारी कर रही है।इसी बीच दलबदल का काम भी जारी है।भाजपा के हरक सिंह रावत अपनी पुत्रवधू अनुकृति गौसाई को लेकर कांग्रेस में आ गए है।उन्हें कांग्रेस में एंट्री के लिए माफी मांगने से लेकर 5 दिनों तक का लंबा इंतजार भी करना पड़ा।वही विधायक ओम गोपाल भी कांग्रेस से आन मिले है। शायद इसी लिए कांग्रेस प्रत्याशी चयन में देरी हुई।कांग्रेस का 'तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा, थीम सॉन्ग भी जलवा बिखेर रहा है और भाजपा को घेरने में लगा है।कांग्रेस इस थीम सॉन्ग के माध्यम से उत्तराखंड में भाजपा की नाकामियों को हवा देने की कोशिश कर रही है।कांग्रेस ने दावा किया है कि आगामी चुनावों में भाजपा को पराजित किया जाएगा।कांग्रेस ने इस थीम सॉन्ग जारी किये जाने के अवसर पर अपनी एकजुटता प्रदर्शित भी की है।जिसमेडबल इंजन नीति की नाकामियों को उजागर किया गया है। उत्तराखंड और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा यह दावा करती रही है कि उसका डबल इंजन मॉडल राज्य के विकास के लिए फायदेमंद रहा है। तीन तिगाड़ा, काम बिगाड़ा सूत्र वाक्य के साथ कांग्रेस का थीम सॉन्ग राज्य में भाजपा द्वारा तीन बार अपना मुख्यमंत्री बदलने की ओर जनता का ध्यान आकृष्ट कराता है।

कांग्रेस के थीम सॉन्ग में भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा गया है और डबल इंजन नीति की नाकामियों को उजागर किया गया है।उत्तराखंड और केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी यह दावा करती रही है कि उसका डबल इंजन मॉडल राज्य के विकास के लिए फायदेमंद रहा है। तीन तिगाड़ा, काम बिगाड़ा सूत्र वाक्य के साथ कांग्रेस का थीम सॉन्ग राज्य में बीजेपी द्वारा तीन बार अपना मुख्यमंत्री बदलने की ओर ध्यान आकृष्ट कराता है।

कांग्रेस ने गीत में यह भी दावा किया है कि आगामी चुनावों में बीजेपी को पराजित किया जाएगा। कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने थीम सॉन्ग जारी किये जाने के अवसर पर अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने प्रदेश इकाई में गुटबंदी और कलह को लेकर सार्वजनिक रूप से अपनी ही पार्टी की आलोचना की थी।पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने गीत जारी किये जाने के बाद कहा, लोग उत्तराखंड में बदलाव चाहते हैं और वे खुलकर ऐसा कह रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि राज्य में कांग्रेस का चेहरा कौन होगा, उन्होंने कहा, लोग चेहरा होंगे और लोग स्पष्ट रूप से बदलाव करने की बात कह रहे हैं। हरीश रावत ने कहा कि थीम सॉन्ग 2022 के चुनावों के महत्व को बयान करता है और राज्य में बदलाव का आह्वान करता है। उन्होंने कहा, आज, हम ना सिर्फ सत्ता बदलने की, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा करने भी मांग कर रहे हैं, ताकि विकास की अवधारणा के लिए लड़ाई लड़ी जाए। जिसे विकृत कर दिया गया है। उत्तराखंड में कांग्रेस के चुनाव प्रचार अभियान समिति के अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा कि हटाये गये मुख्यमंत्रियों में एक वित्त मंत्री के तौर पर राज्य का बजट का संचालन कर रहे थे और उन्हें बदल दिया गया। उन्होंने कहा, यह संसदीय परंपरा का अपमान है और लोगों को नहीं बताया गया कि उन्हें क्यों बदला गया। केदारनाथ आपदा से निपटने में नाकामी को लेकर सन 2013 में मुख्यमंत्री बदले गये थे। रावत ने कहा, राज्य में डबल इंजन शासन नाकाम हो गया।दूसरा मुख्यमंत्री क्यों नियुक्त किया गया,यह आज तक एक रहस्य बना हुआ है। केवल दो लोग, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री जानते हैं कि यह क्या रहस्य है?जिससे उत्तराखंड स्वयं को अपमानित महसूस कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखंड में देश में कोविड से सर्वाधिक मृत्यु दर रही है और भाजपा सरकार ने कोविड संकट का कुप्रबंधन किया।जिसके चलते कोविड जांच घोटाला तक हुआ है।दरअसल तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा,ये नारा एक आईना है जिस आईने में हम पिछले 5 वर्ष रही सरकार के जन विरोधी चेहरे को देखते हैं। हमारी सरकार ने मलिन बस्तियों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर मलिन बस्तियों से ही उठकर आगे आये विधायक राजकुमार की अध्यक्षता में एक कमेटी



बनाई, जिसमें तिलकराज बेहड़ के स्तर के लोगों को भी जोड़ा गया था। इस कमेटी ने राज्य में सभी हिस्सों का दौरा कर एक व्यापक रिपोर्ट सारे मलिन बस्तियों की गणना कर बनाई। जिसको आधार बनाकर हमने 3 कदम तत्काल उठाये। पहला 35 हजार घर बनाने का एक प्रोजेक्ट जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना को समाहित करते हुए बनाई। इस योजना की खासियत यह थी कि आवास पाने वाले को बहुत कम पैसा लंबी किस्त के रूप में अदा करना पड़ता था। इस परियोजना का शिलान्यास मैंने रुद्रपुर में किया और इसी योजना के तहत एम.डी.डी.ए. को भी हमने कुछ भूमि देकर आवासीय भवन बनाने का दायित्व सौंपा जो उन्होंने निष्ठा से पूरा किया और यह आवासीय भवन निम्न मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर बनाए। दूसरा काम हमने रिवरफ्रंट डेवलपमेंट का प्रारंभ किया और काम रिस्पना नदी में ब्रह्मपुरी के आस-पास से प्रारंभिक प्रतिरोध के बाद हम लोगों को समझाने में सफल हुए और लोगों ने रिवरफ्रंट डेवलपमेंट का काम को आगे बढ़ने दिया जो लगभग रिंग रोड तक पहूँच गया, कुछ किलोमीटर तक ही कांग्रेस शासक इस काम को आगे बढ़ा पाये, तब तक सरकार में परिवर्तन हो गया और यह काम अवरुद्ध हो गया। कांग्रेस ने मलिन बस्तियों का सांख्यिकीयकरण कर उनको नियमितीकृत किये जाने किए जाने का कानून विधानसभा में पारित करवाया। ताकि उन पर अवैध कब्जेदारी का टैग हट जाए और वो कानून सम्वत तरीके से जहाँ पर वो रह रहे हैं और सरकार की सहमति से उस स्थान पर या उससे कुछ हटकर दूसरे स्थान पर अपना मकान बनाकर उसके मालिक बन सकें। इस तरीके से एक तो राज्य के अंदर आवास हीनता की प्रॉब्लम को हल हुई और रिवरफ्रंट के जरिये भविष्य के लिए नदियों की खोह में अवैध कब्जे को रोक देंने की सोच बनी और साथ ही जमीन का मालिकाना हक़ देकर और कुछ जमीनों को निकालकर उसको डेवलप कर वैकल्पिक मार्ग भी शहरों के अंदर बनाने की बात रही और उसके अलावा छोटे-छोटे मार्केट, काम्प्लेक्स, पार्क आदि भी डेवलप करने की कार्ययोजना बनाई गई। सपना पूरा हो पाता उससे पहले ही कांग्रेस सरकार चली गई, ये तीनों सोच पूरी तरीके से धराशायी हो गयी। भाजपा सरकार मलिन बस्तियों को कोर्ट का नाम लेकर उजाड़ने में तुली थी। खैर प्रतिरोध और कांग्रेस द्वारा पारित कानून को देखकर सरकार ने अपने हाथ पीछे खींच लिए। क्योंकि जो कानून विधानसभा में पारित था, या तो उसको निरस्त करना पड़ता और जब तक वो निरस्त नहीं होता, तब तक वो कानून प्रभावी माना जाता। कानून के रहते राज्य सरकार मलिन बस्तियों का ध्वस्तीकरण नहीं कर सकती थी। इसीलिये कांग्रेस कहती हैं,

**तीन तिगाड़ा-काम बिगाड़ा,**
**अब उत्तराखंड में नहीं आएगी, भाजपा दोबारा।**

कांग्रेस अपनी पहली लिस्ट में 45 से 50 सीटों के उम्मीदवार घोषित कर सकती है। पार्टी में इन सीटों पर पूर्व सीएम हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल और नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह के बीच कोई विरोध नहीं है। इन सीटों पर प्रस्तावित नामों पर तीनों ही नेता सहमत है। बाकी 20 से 25 सीट पर कुछ मतभेद है तो कुछ जगह नए लोगों के कांग्रेस में शामिल होने की वजह से टिकट पर दोबारा से पुनर्विचार होना है।कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अविनाश पांडे का कहना है कि उत्तराखंड में कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। साथ ही, एक हफ्ते के अंदर उत्तराखंड कांग्रेस की पहली लिस्ट आ सकती है। उत्तराखंड में 70 सीटों पर चुनाव होने हैं, जहां पार्टी की चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।कैंडिडेट सलेक्शन के लिए उन्होंने पांच दिन का उत्तराखंड दौरा किया था और 70 विधानसभा सीटों पर जितने भी उम्मीदवार थे, उन सबसे मुलाकात की थी।

## अहंकार त्यागने वाले ही महापुरूष होते हैं

बहुत से लोग दिन-रात प्रयास करते हैं कि उन्हें किसी तरह उच्च पद मिल जाए। खूब सारा पैसा हो और आराम की जिन्दगी जियें। जब ये सब प्राप्त हो जाता है तो इसे ईश्वर की कृपा मानने की बजाय अपनी काबिलियत और धन पर इतराने लगते हैं। जबकि संसार में किसी चीज की कमी नहीं है। अगर आप धन का अभिमान करते हैं तो देखिए आपसे धनवान भी कोई अन्य है। विद्या का अभिमान है तो ढूंढ़कर देखिए आपसे भी विद्वान मिल जाएगा। इसलिए किसी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए। जो लोग अहंकार त्याग देते हैं वही महापुरूष कहलाते हैं। महाभारत में कथा है कि दुर्योधन के उत्तम भोजन के आग्रह को ठुकरा कर भगवान श्री कृष्ण ने महात्मा विदुर के घर साग खाया। भगवान श्री कृष्ण के पास भला किस चीज की कमी थी। अगर उनमें अहंकार होता तो विदुर के घर साग खाने की बजाय दुर्योधन के महल में उत्तम भोजन ग्रहण करते लेकिन श्री कृष्ण ने ऐसा नहीं किया। भगवान श्री राम ने शबरी के जूठे बेर खाये जबकि लक्ष्मण जी ने जूठे बेर फेंक दिये। यहीं पर राम भगवान की उपाधि प्राप्त कर लेते हैं क्योंकि उनमें भक्त के प्रति अगाध प्रेम है, वह भक्त की भावना को समझते हैं और उसी से तृप्त हो जाते हैं। अहंकार उन्हें नहीं छूता है, वह ऊंच-नीच, जूठा भोजन एवं छप्पन भोग में कोई भेद नहीं करते। शास्त्रों में भगवान का यही स्वभाव और गुण बताया गया है। महात्मा बुद्ध से संबंधित एक कथा है कि एक बार महात्मा बुद्ध किसी गांव में प्रवचन दे रहे थे। एक कृषक को उपदेश सुनने की बड़ी इच्छा हुई लेकिन उसी दिन उसका बैल खो गया था।

## पाकिस्तान की एंट्री

**सिद्धार्थ शंकर**

देश के बंटवारे के लिए जिम्मेदार मोहम्मद अली जिन्ना को लेकर अखिलेश यादव के बयान के बाद यूपी की सियासत में गन्ना बनाम जिन्ना के बाद अब पाकिस्तान की भी एंट्री हो गई है। जिन्ना की तरह ही नया विवाद भी सपा अध्यक्ष की ओर से दिए गए बयान के बाद शुरू हुआ है। एक इंटरव्यू में पाकिस्तान भारत का असली दुश्मन नहीं बोलकर अखिलेश यादव ने मौके की ताक में बैठी भाजपा को नया हथियार दे दिया है। भाजपा ने मुद्दे को लपकते हुए सपा पर जोरदार पलटवार किया और उनसे माफी की मांग की है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा अखिलेश के इस बयान के सहारे वह मोड़ दे सकती है, जिसमें उसे महारत हासिल है। अखिलेश के इस बयान को हिटविकेट वाला शॉट भी बताया जा रहा है। दरअसल एक इंटरव्यू में अखिलेश यादव से भारत में चीनी निवेश पर विचार मांगा गया था। इसके जवाब में उन्होंने कहा, डॉ. राममनोहर लोहिया और मुलायम सिंह यादव का इस पर विचार स्पष्ट है। हमारा असली दुश्मन चीन है। पाकिस्तान हमारा राजनीतिक दुश्मन है। लेकिन भाजपा केवल वोट राजनीति की वजह से पाकिस्तान को निशाना बनाती है। लोकसभा में केवल सपा ने यह सवाल उठाया कि विधानसभा में पीओके की 24 सीटों पर सदस्य कब होंगे तब गृहमंत्री ने कहा था कि हम अक्साई चिन तक पहुंचेंगे। अब हम सुन रहे हैं कि गलवान में क्या हो रहा है। वह हमारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं, हमारे कारोबार पर अतिक्रमण कर रहे हैं। भारत सरकार को इस पर सोचना चाहिए और विपक्षी दलों से बात करनी चाहिए। निवेश के मोर्चे पर हम चीन के साथ कारोबार को मजबूर हैं। यह एक मुश्किल स्थिति है जहां हमें अपने सबसे बड़े दुश्मन के साथ व्यापार करना पड़ रहा है। हमें अपनी इंडस्ट्री को



मजबूत करना होगा। बिजनेस के साथ फौज भी चलती है। अखिलेश के इस बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अखिलेश यादव पर जोरदार पलटवार किया। संबित पात्रा ने कहा, एक तरफ जहां पूरा देश उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मना रहा है। वहीं अखिलेश यादव ने एक साक्षात्कार में कहा कि पाकिस्तान भारत का असली दुश्मन नहीं है। अखिलेश यादव का कहना कि वह पाकिस्तान को भारत का असली दुश्मन नहीं मानते और भाजपा केवल वोट की राजनीति की वजह से पाकिस्तान को दुश्मन मानती है। दुखद, चिंताजनक और शर्मनाक। तुरंत अखिलेश यादव को इस पर माफी मांगनी चाहिए। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा को वह मुद्दा मिल चुका है, जिसकी बदौलत वह किसी चुनाव का रुख अपनी ओर मोडने् में महारत रखती है। अब तक पीएम मोदी या केंद्र सरकार के खिलाफ बोलने से बचते रहे अखिलेश यादव ने पाकिस्तान का नाम लेकर भाजपा को वह मौका दे दिया है कि वह अब स्थानीय मुद्दों से ध्यान हटाकर आसानी से राष्ट्रीय मुद्दों की ओर ले जाए, जो उसके लिए अधिक मुफीद होगा। जिन्ना का मुद्दा भी अखिलेश यादव के खिलाफ जा रहा था। एक बार फिर उन्होंने ऐसा मुद्दा दिया है जिससे ध्रुवीककरण तेज होगा और उनके इसका खामियाजा उठाना पड़ सकता है। यदि अखिलेश यादव ने मुस्लिम तुष्टिकरण को ध्यान में रखर यह बात कही है तो उन्होंने बड़ी गलती कर दी है। वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, एक पार्टी के अध्यक्ष हैं, जिस तरह उन्होंने अपने चाचा शिवपाल यादव को साइडलाइन किया, इस सबके बाद यह नहीं कहा जा सकता कि यह चूक का जुबान फिसलने का मामला है। यह जानबूझकर कही गई बात लगती है, लेकिन यह उनके लिए आत्मघाती होगा। भाजपा के लिए आसानी हो गई है। अखिलेश यादव कहते हैं कि भारत असली दुश्मन नहीं तो यह उनका बचकना है और बड़ी गलती है। बीजेपी लोकल मुद्दों से ध्यान हटाकर राष्ट्रीय सुरक्षा की ओर मोडने् में कामयाब हो सकती है। दरअसल अखिलेश यादव के अवचेतन मन में हमेशा उनका एमवाई वोटबैंक होता है, और इसी का रिफ्लेक्शन है कि अक्सर वह ऐसी गलतियां करते हैं कि उन्हें बीजेपी के पिच पर खेलने को मजबूर होना पड़ता है।

# मध्य प्रदेश शासन की मद्य नीति कितनी लाभकारी !

### सूडोकू नवताल- 5965

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल -5964 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

मध्य प्रदेश शसन द्वारा शराब /मद्य /मदिरा की नयी नीति घोषित की हैं वह प्रशंसनीय और स्तुत्य हैं ,इससे शासन को राजस्व प्राप्त होगा .इसके साथ सेवन कर्ता को आर्थिक हानि ,सामाजिक ,पारिवारिक व्यक्तिगत नुक्सान के साथ शासन को पुलिस ,न्यायलय ,जेलों में भी भार बढ़ेगा .हम यह समझते हैं की शासन में मुख्य मंत्री ,सचिव आदि के साथ विशेष सलाहकार रहते हैं उनके परामर्श से ही निर्णय लिया जाता हैं और गुण दोष के आधार पर ही क्रियान्वयन किया जाता होगा पर शासन आर्थिक पक्ष को दृष्टिगत रखकर निर्णय लेता हैं पर सामाजिक ,स्वास्थ्यय पर भी ध्यान देना चाहिए।

मद्य कितना लाभकारी होता हैं यह जानना जरुरी हैं ---

मद्येन मनस सशचसय संक्षोभः क्रियते महान .महमारुतवेगेन तटस्यस्येव शखिनः .(चरक चिकित्सा स्थान 24/53 )

मन के द्वारा मनः क्षोभ ---आंधी के प्रबल वेग से नदी के तट पर रहने वाले वृक्ष की तरह इस मन में मदिरा द्वारा बहुत क्षोभ उत्पन्न होता हैं .

मद्य प्रसङ्गंतं चाज्ञा महादोषम महागदम .सुखमितिधिगच्छन्ति राजमोहपराजिताः .(चरक चिकित्सा स्थन 24/54 )

रज और मोह से जिन लोगों को आत्मा पराजित हैं अर्थात रज और मोह की अधिकता से दूषित हो चुकी हैं ,ऐसे मुर्ख व्यक्ति महादोष वाले और बड़े बड़े रोग को उत्पन्न करने वाले उक्त मध्यप्रसंग को सुख मानते हैं .



मध्यपान के दोष --मद्य पीने से जिन लोगों का ज्ञान और विज्ञानं शक्ति नष्ट हो गई हैं .जो व्यक्ति सात्विक गुणों से रहित हो गया हैं ऐसे मद्य पीने की प्रबलइच्छा रखने वाले व्यक्ति मद्य से अंधे और कल्याण करने वाली सभी वस्तुओं से रहित हो जाते हैं अर्थात उनका कल्याण कभी नहीं होता हैं (.च .चिकित्सा स्थान 24/55 )

मध्यपान जन्य रोग ---

मद्य से मोह ,भय ,शोक ,क्रोध और मृत्यु आश्रित रहती हैं तथा उन्माद के साथ मद ,मूर्च्छा एवं अपतानक रोग भी आश्रित रहता हैं .(चरक चिकित्सा स्थान 24/56 )

मद्य स्मृतिनाशक होता हैं ---जिस मद्य में एक स्मृति विभृंश हैं उस मद्य में जो भी कुछ कार्य या गुण होता हैं वह सब निन्दित होता हैं .मद्य के दोष जाने वाले विद्वान् इस प्रकार के मद्य को दोष वाला समझकर यत्नत पूर्वक उसकी निंदा करते हैं .अर्थात न पीते हैं न पीने की अनुमति देते हैं .(च. चिकित्सा स्थान 24/57)

मांसं मधु---- नवनीतम --च वर्जयेत तत सपरदृष्टानि सिध्धान्यपि च न खादेत न स्पर्शेच्श अर्थात मांस मधु व मक्खन का त्याग करना चाहिए .इन पदार्थों का स्पर्श जिसको हुआ हैं ,वह अन्न भी न खाना चाहिए और न छूना चाहिए .(भा .आ ./वि 1206 /1204 /19 ) मधु ,मद्य नवनीतम पिशितं च महाविकृत्यास्तः वाल्भ्यन्ते न वृत्तिना तद्वैरा जंतवस्त्र .(71)पु सि.उ/) शहद ,मदिरा मक्खन और मांस तथा महाविकारों को धारण किये पदार्थ व्रती पुरुष को भक्षण करने योग्य नहीं हैं क्योकि उन वस्तुओं में उसी वर्ण व् जातिके जीव होते हैं . मद्य मन को मोहित करता हैं .,मोहित चित्त होकर धर्म को भूल जाता हैं और धर्म का भुला हुआ वह जीव निःशंकपने हिंसा रूप आचरण करने लगता हैं (62) रस द्वारा उत्पन्न हुए अनेक एकेन्द्रियादिक जीवों की यह मदिरा योनिभूत हैं .इसलिए मद्यसेवन करने वाले को हिंसा अवश्य होती हैं .(63 )अभिमान ,भय जुगुप्सा ,रति शोक तथा काम -क्रोधादिक जितने हिंसा के भेद हैं वे सब मदिरा के निकटवर्ती हैं

सा.ध /2/4-5 के अनुसार ---जिसकी एक बून्द के जीव यदि फ़ैल जाए तो तीनों लोकों को भी पूर्ण कर देते हैं .और जिस मद्य के द्वारा मूर्च्छित हुए मनुष्य इस लोक और परलोक दोनों को नष्ट कर देते हैं .उस मद्य को कल्याणार्थी मनुष्य अवश्य ही छोड़ें .(4) जिसके पीने से मद्य में पैदा होने वाले उस समस्त जीव समूह की मृत्यु हो जाती हैं ,और पाप और निंदा के साथ साथ काम ,क्रोध भय और र्भ्मआदि प्रधान दोष उदय को प्राप्त होते हैं।

## पद्म पुरस्कारों की प्रामाणिकता?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

इस बार घोषित पद्म पुरस्कारों पर जमकर वाग्युद्ध चल रहा है। कश्मीर के कांग्रेसी नेता गुलाम नबी आजाद को पद्मभूषण देने की घोषणा क्या हुई, कांग्रेस पार्टी के अंदर ही संग्राम छिड़ गया है। एक कांग्रेसी नेता ने बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और कम्युनिस्ट नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य के कंधे पर रखकर अपनी बंदूक दाग दी। भट्टाचार्य को भी भाजपा सरकार ने पद्मभूषण से सम्मानित किया है। उन्होंने यह सम्मान लेने से मना कर दिया। इस पर कांग्रेसी नेता जयराम रमेश ने अपनी टिप्पणी बड़े काव्यात्मक अंदाज़ में कह डाली कि बुद्धदेवजी 'आजाद' रहना चाहते हैं, 'गुलाम' नहीं बनना चाहते हैं याने उन्होंने अपने वरिष्ठ साथी का नाम लिये बिना ही उनकी धुलाई कर दी। कई अन्य कांग्रेसी नेता और खुद कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर चुप है लेकिन कुछ ने आजाद को बधाई भी दी है। यहां असली सवाल यह है कि इन सरकारी सम्मानों का देश में कितना सम्मान है? इसमें शक नहीं है कि जिन्हें भी यह पुरस्कार मिलता है, वे काफी खुश हो जाते हैं लेकिन यदि मेरे किसी अभिन्न मित्र को जब यह मिलता है तो मैं उसे बधाई के साथ–साथ सहानुभूति का पत्र भी भेज देता हूं, क्योंकि इसे पाने के लिए उन्हें बहुत दंड-बैठक लगानी पड़ती है। इस बार दिए गए 128 सम्मानों के लिए लगभग 50 हजार अर्जियां आई थीं। अर्जियों की संख्या यदि 50 हजार थी तो हर अर्जी के लिए कम से कम 10-10 फोन तो आए ही होंगे। इन सम्मानों का लालच इतना बढ़ गया है कि पद्मश्री जैसा सम्मान पाने के लिए लोग लाखों रु. देने को तैयार रहते हैं। समाज के प्रतिष्ठित और कुछ तपस्वी लोग ऐसे नेताओं के आगे नाक रगड़ते रहते हैं, जो उनकी तुलना में पासंग भर भी नहीं होते। इसके अलावा किसी भी उपाधि, पुरस्कार या सम्मान को सम्मानीय तभी समझा जाता है, जब उसके देनेवाले उच्च कोटि के प्रामाणिक लोग होते हैं। अब यह सवाल आप खुद से करें कि पद्म पुरस्कार के निर्णायक लोग कौन होते हैं? नौकरशाह, जो नेताओं के इशारे पर थिरकने के अभ्यस्त हैं, उनके दिए हुए पुरस्कारों की प्रामाणिकता क्या है? इसका अर्थ यह नहीं कि ये सारे पुरस्कार निरर्थक हैं। इनमें से कुछ तो बहुत ही योग्य लोगों को दिए गए हैं। अब तो विश्व प्रसिद्ध नोबेल पुरस्कार भी बहुत ही मामूली लोगों को राजनीतिक गुणा-भाग के आधार पर मिलने लगे हैं तो हमारे इन पद्म पुरस्कारों को कई लोग लेने से ही मना कर देते हैं। इन्हें देने के पीछे यदि राजनीति होती है तो नहीं लेने के पीछे भी राजनीति होती है। नम्बूदिरिपाद ने तब और भट्टाचार्य ने अब इसीलिए मना किया है।

# मुरैना जिले में हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मना गणतंत्र दिवस





## प्रभारी कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

**मुरैना।** मुरैना जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड पर भव्य एवं आकर्षक परेड के साथ आयोजित किया गया। प्रभारी कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया और भव्य परेड की सलामी ली। आपने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गणतंत्र दिवस संदेश को पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर एस.ए.एफ 5वी बटालियन, जिला पुलिस बल, महिला जिला पुलिस बल, होमगार्ड एवं वनरक्षक दल की टुकडियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिर्देशक राजेश चावला, जिला पंचायत की अध्यक्षा श्रीमती गीता हर्षाना, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, एसएएफ कमाण्डेंन्ट विनीत जैन, जिला पंचायत सदस्य, समस्त जिलाधिकारी, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

प्रभारी कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने जैसे ही ध्वजारोहण किया, तुरंत ही पुलिस बैंड ने राष्ट्रीय धुन बजाई। समारोह के प्रारंभ में पुलिस द्वारा हर्ष फायर किये गए, मध्यप्रदेश गान तथा पुलिस बैंड ने राष्ट्रीय धुन बजाई। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर शांति के प्रतीक गुब्बारे छोडे। तत्पश्चात प्रभारी कलेक्टर ने खुली जीप में परेड टुकडियों का निरीक्षण किया व समारोह में उपस्थित बाल्क-बालिकाओं की हौसला अफजाई की। परेड का संचालन मुख्य परेड कमान्डर सूबेदार मलखान सिंह, परेड की द्वितीय कमान सूवेदार श्रीमती मधुरिमा सिंह ने संभाली। एस.ए.एफ. 5वीं बटालियन टुकड़ी का संचालन उपनिरीक्षक गोपाल सिंह पिप्पल, जिला पुलिस बल टुकड़ी के उपनिरीक्षक बल्वीर सिंह, महिला जिला पुलिस बल की टुकड़ी का संचालन उप निरीक्षक श्रीमती आरती राठौर, होमगार्ड सैनिक टुकड़ी का संचालन प्लाटून कमाण्डर दीपक सिंह राठौर, वनरक्षक दल की टुकड़ी का संचालन उपनिरीक्षक घनश्याम शर्मा ने किया। प्रभारी कलेक्टर सिंह और एसएएफ कमाण्डेंन्ट विनीत जैन ने परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। विभिन्न पुरूस्कारों में परेड के तहत एस.ए.एफ 5वीं बटालियन को प्रथम, जिला पुलिस बल को द्वितीय और महिला पुलिस बल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तीनों परेड कमान्डरों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किये। झांकियों की श्रृंखला में जिला पंचायत प्रथम स्थान पर, किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वितीय स्थान पर एवं शिक्षा विभाग की झांकी की झांकी तृतीय स्थान पर रही। इसके अलवा नगर पालिका निगम मुरैना, शिक्षा विभाग, वन विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, उद्यानिकी, उप संचालक सामजिक न्याय, जिला पंचायत, बेटनरी और लोक स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न योजनाओं पर आकर्षक झांकी निकालीं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार सुधीर आचार्य एवं समाजसेविका श्रीमती शिल्पी जैन ने किया।

## संयुक्त संचालक शाक्यवार ने किया ध्वजारोहण



**मुरैना।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के पर्व पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया गया। संयुक्त संचालक जनसम्पर्क डीडी शाक्यवार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान किया। मौके पर कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस मनाकर किया आनंद उत्सव विजेताओं को पुरस्कृत

**झुण्डपुरा।** झुण्डपुरा सहित सम्पूर्ण अंचल मे गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। नगर पालिका परिषद झुण्डपुरा में सीएमओ अशोक बंसल ने ध्वजारोहण किया तथा आनंद उत्सव में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक की शाखा पर महावीर सिंह ने, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झुण्डपुरा मे पीके अग्निहोत्री ने, शासकीय कन्या हाईस्कूल में आरबी मितल ने, एकीकृत माध्यमिक शाला गढी में कमलेश शर्मा ने, थाना चिन्नौनी मे अविनाश राठौड द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय मे सरस्वती की पूजा अर्चना कर महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

## लायंस क्लब मुरैना समन्वय ने किया झंडा वंदन



**मुरैना।** गणतंत्र दिवस के मौके पर लायंस क्लब मुरैना समन्वय द्वारा आज जे पी किड्स स्कूल में झंडा रोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री उषा बांदिल, जोन चेयर पर्सन निधि गुप्ता, चार्टर प्रेसिडेंट मीना गुप्ता, पंडित जेपी शर्मा, अध्यक्ष किरण गुप्ता, सचिव कल्पना चांदिल, कोषाध्यक्ष दीप्ति गुप्ता, सदस्यगण पूनम गांगिल, रेखा बांदिल, बबीता जैन, अंजू गुप्ता, शिवानी गोयल, अनीता गुप्ता, डॉली वर्मा, कृष्णा सोनी

## रीझौनी मैं हुई एक दर्जन पशुओं की मौत, पशुपालकों में भारी आक्रोश




**मुरैना।** कैलारस जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रीझौनी एवं अन्य गांव में लगातार दुधारू पशुओं के मरने का सिलसिला जारी है। जिसके चलते अभी तक एक दर्जन से ज्यादा पशु मर चुके हैं लेकिन प्रशासन एवं स्वास्थ्य अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। बताया जाता है कि मंगलवार कि सुबह एक और भैंस की बीमारी के चलते मौत हो गई। वहीं कैलारस पुरानी सब्जी मंडी में रामअवतार परमार की पालतू बछिया ने दम तोड़ दिया है। रीझौनी निवासी रमेश बघेल ने बताया कि मैंने अपनी भैंस को भूसा की सानी खिलाई थी, उसके 1 घंटे बाद ही अचानक मेरी भैंस ने दम तोड़ दिया, जिसकी कीमत 1 लाख रुपये थी। उन्होंने बताया कि कैलारस पशु चिकित्सक को बुलाने पर भी वह मौके पर नहीं पहुंचे। अधिकांश पशुओं की मौत इलाज के अभाव में हो रही है। पशुओं की हो रही लगातार मौत से पशुपालकों में आक्रोश है। किसानों एवं मध्यम वर्ग के लोगों में पशुओं में हो रही बीमारी के चलते हाहाकार मचा हुआ है, फिर भी आला अधिकारियों द्वारा पशु चिकित्सालय में पदस्थ पशु चिकित्सक पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है, केवल एक-दो दिन का वेतन काटकर प्रक्रिया पूरी कर ली जाती है। पशु चिकित्सक केपी गुप्ता पूरी तरह निरंकुश बने हुए हैं। उन्हें क्षेत्र में फेल रही बीमारी के बारे में कुछ अता-पता नहीं है कि किस कारण पशुओं की मौत हो रही है। इसको को लेकर स्थानीय चिकित्सक कोई भी जिम्मेदारी नहीं मान रहे हैं, ना ही अभी तक पशुपालकों को यह बताने जाते हैं कि इन्हें कैसे सावधानी से रखें, कोई भी जानकारी नहीं देते हैं। ज्यादातर पशु चिकित्सक मुख्यालय पर ही नहीं रहते हैं, कई लोग पशु चिकित्सालय के चक्कर काट काट कर लौट जाते हैं। डॉक्टर समय पर नहीं मिलते हैं, जिसके चलते प्रशासन को लगातार ग्रामीणों द्वारा सूचना दी जा रही है, बावजूद अभी तक चिकित्सक उक्त बीमारी को नहीं पकड़ पाए हैं। जिसके चलते लगातार जानवरों की क्षेत्र में मौत हो रही है। जानवरों की मौतों का सिलसिला अभी भी जारी है, लेकिन प्रशासन के पास कोई उपाय नहीं है। प्रशासनिक अधिकारियों एवं पशु चिकित्सकों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

## जीवाजीगंज से घर के बाहर खड़ी बोलेरो चोरी




**मुरैना।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत बीती रात गांधी हॉस्पिटल रोड जीवाजीगंज मैं घर के बाहर खड़ी बोलेरो को देर रात्रि अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामेश्वर दयाल मंगल पुत्र बाबूलाल मंगल 52 वर्ष निवासी गांधी हॉस्पिटल रोड जीवाजीगंज ने बताया कि मंगल ट्रेडिंग कंपनी फार्म वाला उनका स्वयं का घर है और 26 जनवरी की रात वह अपनी बोलेरो गाड़ी क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूबी 6933 को घर के बाहर खड़ा कर सोने चला गया। रात्रि 1:30 बजे देखा तो मेरी बोलेरो गाड़ी रखे स्थान पर नहीं थी, कोई अज्ञात व्यक्ति उसे चुरा ले गया, जो अभी तक नहीं मिली है। कोतवाली पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। गाड़ी की कीमत 6 लाख रुपए बताई गई है।



## ऑनलाइन पीस पोस्टर प्रतियोगिता का परिणाम



**मुरैना।** लायंस क्लब मुरैना वेस्ट के द्वारा बचपन प्ले स्कूल मुरैना के विद्यार्थियों के साथ बचपन का तिरंगा, ऑनलाइन पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका परिणाम 26 जनवरी 2022 बुधवार गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर वर्चुअल तरीके से सभी को जोड़कर घोषित किया गया।

क्लब अध्यक्ष लॉयन सपना बंसल और सचिव अनुराधा शर्मा के द्वारा बताया गया कि इस प्रतियोगिता में बच्चों को अभिभावकों के सहयोग से ऑनलाइन ही भारत की शान तिरंगा झंडे का चित्र किसी भी प्रकार से बनाकर, रंग भरकर, सजाकर नियमित समय में प्रस्तुत करना था, जिसमें नन्हे बच्चों के साथ वर्चुअल प्रतियोगिता में अभिभावकों ने भी उत्साह से सहयोग किया। बचपन प्ले स्कूल के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के हुनर को देखकर लायंस क्लब मुरैना बेस्ट के निर्णायक मंडल के अंतिम निर्णय अनुसार बचपन प्ले स्कूल मुरैना की विद्यार्थी अनिका गुप्ता को प्रथम स्थान, मान्या बांदिल को द्वितीय स्थान, आध्या मंगल को तृतीय स्थान पर शानदार अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए सभी विद्यार्थियों को उचित पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद क्लब के कोषाध्यक्ष खेमचंद्र मित्तल, मनोज सिंघल, मनोज अग्रवाल, राजेश गुप्ता, श्याम गोयल, अमित गुप्ता, माधव गोयल आदि सदस्यों ने भी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की और बधाइयाँ दी।

## एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड के नाम पर खाते से सवा लाख निकाले

### पीड़ित व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस से की शिकायत



**मुरैना।** आए दिन जिले में बैंक फ्रॉड के मामले लगातार देखने और सुनने में आ रहे हैं। गत दिनों दत्तपुरा निवासी एक व्यापारी को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताकर क्रेडिट कार्ड देने एवं ऑफर के बारे में बताकर उसके खाते से तीन किस्तों में सवा लाख रुपए निकाल लिए गए और बाद में फोन को बंद कर दिया गया। जब व्यापारी की समझ में आया कि वह धोखाधड़ी का शिकार हो चुका है तब वह कोतवाली पहुंचा और आवेदन दिया, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदीप मित्तल पुत्र राजेंद्र मित्तल निवासी बाबू की गली दत्त पुरा मुरैना ने बताया कि वह एसबीआई बैंक एवं आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करता है। 22 जनवरी को जब वह नैनागढ़ रोड स्थित अपने ऑफिस पर था, तब उसके मोबाइल नंबर 9753339861 पर मोबाइल नंबर 6372431095 से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपने आपको एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट में होना बताया और एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट देने एवं ऑफर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सिर्फ ऑनलाइन केवाईसी कराने पर आपको बैंक की तरफ से एक क्रेडिट कार्ड मिल जाएगा, फिर तथाकथित कर्मचारी ने प्रदीप के व्हाट्सएप पर अपने व्हाट्सएप नंबर 9827263243 से लिंक भेजी और बोला कि आप अपने अन्य बैंक के क्रेडिट कार्ड की डिटेल देने पर आपको उसी आधार पर बैंक से क्रेडिट कार्ड दिया जाएगा। तब प्रदीप ने उक्त दोनों बैंक के क्रेडिट कार्ड की डिटेल उसे व्हाट्सएप पर दे दी। कुछ देर बाद प्रदीप के मोबाइल पर आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से 45698 रूपए क्रमशः 45698 रूपए एवं एसबीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से 35543 रूपए हजार रुपए कटने के मैसेज आए, जब प्रदीप ने तथाकथित बैंक कर्मचारी के मोबाइल पर बात की और पैसे कटने के बारे में बताया तो बोलने लगा कि आपने मीटिंग बीच में छोड़ दी है। आपके पैसे कुछ दिनों बाद आ जाएंगे और फोन काटकर गायब हो गया। इसके बाद से उक्त कर्मचारी के फोन पर संपर्क नहीं हो रहा है। रुपए चले जाने के बाद प्रदीप को ज्ञात हुआ कि अज्ञात व्यक्ति ने एचडीएफसी बैंक का अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड के नाम पर उसे ठग लिया है। पीड़ित प्रदीप ने सिटी कोतवाली पुलिस को आवेदन देकर शिकायत की है, पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक लेने पहुंचे भाजपा अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

### राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष तक भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता समान है - लालसिंह आर्य

गोहद भारतीय जनता पार्टी बूथ विस्तार योजना के अंतर्गत अपना बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेतृत्व के आव्हान पर बूथों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय नेता से लेकर बूथ स्तर के नेता अपने-अपने बूथ क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को गढ़ने में लगे हुए हैं जिससे होने वाले आगामी चुनाव में भाजपा का परचम पुनः लहराया जा सके बूथ क्रमांक 68 व 69 वार्ड क्रमांक 18 कार्यकर्ताओं की बैठक लेने भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य पहुंचे उन्होंने अपने बूथों को किस तरह से अभेद किला बनाया जा सके का मंत्र कार्यकर्ताओं को दिया। आर्य ने कहा भारतीय जनता पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर बूथ समिति अध्यक्ष तक सब कार्यकर्ता एक बराबर है।उन्होंने कई उदाहरण देकर कार्यकर्ताओं को सीख दी उन्होंने कहा गया कि आप वार्ड



में टोली बनाकर जाएं और वार्ड की समस्याओं को सुलझाएं भारतीय जनता पार्टी रूपी विशालकाय वृक्ष बनाने में हमारे वरिष्ठ नेतृत्व के संघर्ष की एक लंबी कहानी है जिसको आप सब जानते है तब जाकर भारतीय जनता पार्टी राज्य व केंद्र में अपनी सत्ता स्थापित कर पाई है भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा गरीबों, पिछड़ों, दलितों, वंचितों के उत्थान के लिए कार्य करने की है सभी समाज को साथ व विश्वास भाजपा को मिले ऐसा प्रयास हमको करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास बूथ समिति की इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक जैन, महामंत्री आशीष शर्मा, मंडल विस्तारक शैलेंद्र सिंह गुर्जर, शक्ति केंद्र विस्तारक दशरथ सिंह घुरैया, आईटी विस्तारक रवि बोहरे, प्रबंधक विकास जैन, मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद कामत, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष पिंकी सागर, दीपक तोमर, राधेश्याम गौड़, विनोद माहौर, विक्रम शर्मा अनिल भारद्वाज, मोनू सिकरवार, लक्ष्मण, रामू तोमर, राजेश तोमर, राजकुमार तोमर के साथ अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भोति विद्यालय में गणतंत्र दिवस पर किया गया ध्वजारोहण

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

**पिछोर,** भोति स्वाधीनता अमृत महोत्सव के अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बहुत ही विद्यालय में 73 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय सेवा समिति के अध्यक्ष श्री अजीत जैन व्यवस्थापक विवेक कंथारिया एवं विद्यालय के प्राचार्य विवेक भट्ट एवं समाजसेवी उमेश अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर विद्यालय भोति का अचार की विधि सहित पूरा परिवार उपस्थित रहा तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन मैं अमर शहीदों के त्याग और बलिदान की गाथाओं से सभी को परिचित कराया इस अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भोति विद्यालय के प्रचार विविक भट्ट ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार ज्ञापित किया

## समाजसेवी शकुन्तला तोमर को जीवाजी विश्वविद्यालय कुलपति अविनाश तिवारी जी द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया



**ग्वालियर**-73 वें गणतंत्र दिवस पर विभिन्न शैक्षिक एवं सामाजिक कार्यों हेतु शिक्षक ,सोशल एक्टिविस्ट एवं सामाजिक दर्पण सोशल मिरर फाउंडेशन की संस्थापिका एवं संचालिका श्रीमती शकुन्तला तोमर को जीवाजी विश्वविद्यालय कुलपति महोदय अविनाश तिवारी ने शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।इस गौरवमयी सम्मान हेतु हम जीवाजी विश्वविद्यालय परिवार के कोटि कोटि आभारी हैं।

### पुलिस थाना सिहोनियाँ को मिली बड़ी सफलता, अवैध हतियार के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार।



**मुरैना**-पुलिस थाना सिहोनियाँ के द्वारा अवैध 315 वोर का देशी कट्टा मय एक 315 बोर जिन्दा राउण्ड के साथ अमीन खान निवासी ऐनो को किया गिरफ्तार कर लिया है बताया जा रहा है कि किसी वारदात को अंजाम देने के लिये यह घूम रहा था जिसकी सूचना मिलने पर थाना सिहोनियाँ द्वारा गिरफ्तार किया गया हालांकि अभी पूछ ताछ की जा रही है कि ये किस नियत से घूम रहा है और क्या इरादे के साथ यह अवैध हतियार लेकर जा रहा था। उक्त सराहनीय कार्य में उप. निरी. पवन सिंह भदौरिया थाना प्रभारी सिहोनियाँ, सउनि0 कोक सिंह चौधरी सउनि. भारत सिंह आर.राहुल सिह सिकरवार, आर राहुल आर.उपेन्द्र सिंह आर.शैलेन्द्र सिंह आर.योगेश का सराहनीय योगदान रहा है ।

## सुमेरपुर के पिचावा में 10 साल बालिका के साथ हुए दुष्कर्म को लेकर कई संगठनों ने सौपा ज्ञापन, ऐसे दरिंदो को फाँसी का एक मात्र विकल्प होना चाहिये



**जोधपुर** ~-बिलाड़ा आज बिलाड़ा के प्रमुख स्वयंसेवी संगठनों जिसमें सीरवी नवयुवक मंडल परगन समिति बिलाड़ा /ग्राम इकाई बिलाड़ा बढेर बास, उचियारड़ा, पिचियाक, भावी,जेलवा, अधिवक्ता संघ बिलाड़ा, पर्यावरण संजीवनी संस्थान द्वारा पाली जिले के सुमेरपुर तहसील के पिचावा गांव में हुए जघन्य अपराध के प्रति आक्रोश जताते हुए बिलाड़ा स्छरूको मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन देते हुए उक्त दरिंदे आरोपी के प्रति सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुए फाँसी की सजा की मांग करते हुए संबंधित कार्यवाही के प्रति फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में जल्द चालान पेश करने की मांग की गई जिसमें नवयुवक मंडल अध्यक्ष नरेश पंवार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय चौधरी पर्यावरण संजीवनी संस्थान के अध्यक्ष गोविंद सीरवी,महेन्द्र गहलोत, कानाराम पितावत,अशोक कुबावत,संजय जैन,अजय वर्मा, राजू गहलोत, के साथ नवयुवक मंडल परगना सम्बंधित ग्राम इकाई के कार्यकारिणी सदस्य के साथ कई सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे एवं परगना सचिव जगदीश ने उक्त घटना को नृशंस हत्या बताते हुए कहा कि ऐसे आरोपियों को समय पर कठोर सजा दी जाय साथ ही पर्यावरण संजीवनी संस्थान के चेयरमैन गोविंद सीरवी ने कहा कि इस प्रकार के दरिंदो को केवल मात्र फाँसी का ही विकल्प होना चाहिए जिससे समाज मे इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो 7

## सपा व भाजपा एवं कांग्रेस के उम्मीदवारों ने किऐ कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर नामाकंन



अलीगंज विधान सभा सीट से सपा से उम्मीदवार पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव ने तथा एटा विधान सभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी विपिन वर्मा डेविड विधायक तथा सपा के उम्मीदवार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेन्द्र सिहं यादव व कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार श्रीमती गुजंन मिश्रा ने

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा** ! जिले में तीसरे चरण में होने वाले विधान सभा चुनावों के द्रष्टिगत आज कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर सपा व भाजपा एवं कांग्रेस के उम्मीदवारों ने अपने अपने प्रस्तावकों के साथ कोविड गाइड लाइन को फोलो करते हुऐ रिटर्निंग ऑफीसर के समक्ष नामाकंन दाखिल किऐ! नामाकंन दाखिल किया है ! इसके अलावा मारहरा विधान सभा सीट से कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार श्रीमती तारा राजपूत तथा जलेसर सुरक्षित विधान सभा सीट से कांग्रेस पार्टी से अधिक्रत प्रत्याशी नीलिमा राज ने नामाकंन दाखिल किया है ! नामाकंन के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाऐं चाक चौबंद रही !

# 7-माह से गायब बच्चे के पीड़ित माता-पिता को अपर पुलिस अधीक्षक एटा ने दिया आश्वासन

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

**एटा/** आवागढ़ पुलिस की नाकामयाबी के चलते आज नगला भिकारी के कामता प्रसाद प्रजापति ने अपने 12 वर्षीय पुत्र विवेक का 2 जुलाई 2021 को हुआ था अपहरण , सात माह बाद भी बच्चे का सुराग नही लगने के सम्बंध में महामहिम राष्ट्रपति को दिए गए प्रार्थना पत्र में बयान दर्ज कराने अपर पुलिस अधीक्षक एटा के कार्यालय में आये जहाँ पति पत्नी दोनों ने बच्चे को खोजने के लिए गुहार लगायी वहीं अपर पुलिस अधीक्षक एटा ने आश्वासन देते हुए बताया है कि जल्द आपके बच्चे को बरामद करा लिया जाएगा।

गरीब, मजदूर प्रजापति समाज का बच्चा होने के कारण पुलिस कोई ध्यान नहीं दे रही है। 02 जुलाई 2021 से अब तक लगातार थाना अवागढ़ एवं एसएसपी एटा ,सीओ जलेसर ,डीआईजी अलीगढ़ ,आईजी जोन आगरा, माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन एवं महामहिम राष्ट्रपति महोदय भारत सरकार नई दिल्ली,विधायक संजीव कुमार दिवाकर जलेसर, पूर्व विधायक कुबेर सिंह अगरिया ,अवागढ़ चेयरमैन, भारतीय किसान यूनियन सहित सभी से कामता प्रसाद एवं कामता प्रसाद की पत्नी सोनियां गुहार लगा चुकी है परंतु गरीब प्रजापति होने के कारण पुलिस बच्चे की कोई परवाह नहीं कर रही है। पीड़ित कामता प्रसाद ने बताया कि यही बच्चा अगर किसी बड़े आदमी का होता तो पुलिस ने अब तक खोज लिया होता पुलिस अपने कर्यों में व्यस्त है जिम्मेदार अधिकारी बोलते है कि आप अपने बच्चे को ढूंढ लो कहीं मिल जाए तो हमको बोलना हम लेकर आ जाएंगे। पुलिस ने अभी तक नाम दर्ज परिवार वालों से पूछताछ नहीं की है , नहीं सर्विलांस पर नंबर लगाये हैं। कामता प्रसाद ने एसएसपी, डीआईजी से गुहार लगाई थी आवागढ़ पुलिस नहीं खोज रही है मेरे बच्चे को स्पेशल टीम गठित कर क्राइम ब्रांच से मेरे बच्चे की विवेचना करा कर मेरे बच्चे को खोजने की कृपा करें पुलिस बार-बार टालमटोल कर देती है नहीं सुनती है हमारी बात हम पर ही लगा रही है उल्टा आरोप। परन्तु अपर पुलिस अधीक्षक एटा ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।




## बड़ेगाँव नं.2 के शासकीय प्राथ.विद्यालय में शिक्षिकाओ की बड़ी लापरवाही, हुआ तिरंगे का अपमान

### सूर्यास्त के बाद भी नही उतारा गया तिरँगा,एक बार फिर हुआ राष्ट्रीय ध्वज का अपमान

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** एक ओर जहां पूरा देश धूम धाम से गणतंत्र दिवस का जश्न मना रहा था और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान किया जा रहा था तो वहीं दूसरी ओर दबोह क्षेत्र के ग्राम बड़ागाँव में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया जा रहा था।मामला नगर दबोह क्षेत्र का है जहां पर ग्राम बड़ागाँव नम्बर 2 में संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में गणतंत्र दिबस के मौके पर प्रातः फहराया गया तिरंगा देर रात तक विद्यालय की बिल्डिंग पर फहराता रहा।सूत्रों की माने तो दबोह क्षेत्र के ग्राम बड़ागाँव नम्बर 2 में पदस्थ स्टाफ अपनी लापरवाही को लेकर आये दिन चर्चे का विषय बना रहता है।26 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर विद्यालय में पदस्थ शिक्षिकाओ द्वारा सुबह ध्वजारोहण तो किया गया परन्तु घर जल्दी जाने कर चक्कर मे तिरंगे को उतारना भूल गई।जब मीडियाकर्मियों ने विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका सीमा शाक्य से इस गैरजिम्मेदार हरकत व बड़ी लापरवाही की वजह पूछी तो शिक्षिका सीमा शाक्य कैमरे के सामने कोई सन्तुष्टि पूर्ण जबाब न देते हुए भागती नजर आई।और फिर लगभग रात 8 बजे विद्यालय प्रबंधन द्वारा आनन-फानन में तिरंगे को उतरवा दिया गया।इससे साफ स्पष्ट है कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका को किसी भी अधिकारी का खौफ नही है।क्यों कि गणतंत्र दिवस पर तिरंगे का अपमान होना काफी बड़ी बात है।



### पूर्व में भी हो चुका तिंरगे का अपमान,अधिकारियों से सांठगांठ के चलते नही होती कार्यवाही

ज्ञात रहे भिंड जिले के अंतिम छोर पर बसे नगर दबोह मे तिरंगे झंडे का अपमान होने की यह पहली घटना नही है इससे पूर्व भी दबोह क्षेत्र के ग्राम बागपुरा के शासकीय विद्यालय में भी स्टाफ शिक्षको को लापरवाही के चलते 15 अगस्त की सुबह फहराया गया ध्वज 16 अगस्त की सुबह तक फहराता रहा।वहीं दबोह क्षेत्र के शासकीय कन्या छात्रावास में भी बीते वर्ष मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर तिरंगे का अपमान किया गया।परंतु उस पर भी कोई कार्यवाही नही हुई।समझ नही आता कि विद्यालयों में पदस्थ स्टाफ दबंग है या फिर जिले व ब्लॉक पर बैठे शिक्षा अधिकारीयो से इन लोगो की सांठ-गांठ है जिसकी वजह से हर बार क्षेत्र में मिल रही लापरवाहियो को लेकर सिर्फ साधारण नोटिश जारी कर मामले को दबा दिया जाता है और आगे फिर गैरजिम्मेदार व लापरवाह शिक्षकों पर कोई कार्यवाही नही होती है।अब देखना यह है कि क्या जिले के मुखिया भिण्ड कलेक्टर बड़ेगाँव नम्बर 2 के इन लापरवाह शिक्षकों पर कार्यवाही करते है या फिर यूँ ही हर बार राष्ट्रीय ध्वज को अपमानित किया जाता रहेगा।फ़िलहाल तो जब इस बारे में जब भिण्ड कलेक्टर से फोन पर चर्चा की तो उन्होंने भी हर बार की तरह मामले को पूरी तरह न सुनते हुए जानकारी फोन से मेसेज करने की बात कर फोन कट कर दिया।

### इनका कहना

1-जानकारी टेक्स्ट मैसेज कर दीजिये दिखवाते हैं

**सतीश कुमार एस**
**भिण्ड कलेक्टर**

2-मीडिया के द्वारा खबर मिलते ही नोटिश जारी कर जवाब मांगा गया है जिसमे दो दिन का समय दिया गया है।जबाब आने के बाद आगे की कार्यबाही की जाएगी।

**शैलेन्द्र सिंह कुशवाह**
**ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लहार**

## शूर्पणखॉ की कटी नाक सीता का हुआ हरण...

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**अम्बाह...** अम्बाह नगर के पास चतुरकीगढी में चल रही महात्मा लोचन दास रामलीला कला मण्डल में भदाबली के कलाकारों द्वारा सुरपनखा की नाक काटने और सीता हरण की



लीला का मंचन किया। राम सीता को अकेले न छोड़ने का आदेश लक्ष्मण को देकर हिरण पकड़ने चले जाते हैं। जैसे ही राम का बाण हिरण बने मामा मरीच को लगा तो मरीच ने राम की आवाज में लक्ष्मण और सीता को पुकारा। सीता की आज्ञा सुन लक्ष्मण ने सीता को लक्ष्मण रेखा में सुरक्षित किया और राम की मदद को चल दिए। तभी साधु का रूप धारण कर रावण ने सीता का हरण कर लिया। राम ने लक्ष्मण को देख उनसे सीता को अकेले छोड़ आने का कारण पूछा। खतरे को भांप दोनों ने कुटिया की ओर दौड़ लगाई। सीता का अपहरण कर ले जा रहे रावण से जटायु ने सीता को बचाने के लिए युद्ध किया। कुटिया में सीता को न पाकर राम, लक्ष्मण सीता को खोजने के लिए निकल पड़े राम लक्ष्मण जानकी का अभिनय भदाबली पोरसा के कलाकार व राबण का अभिनय राकेश सरपंच पालि के द्वारा किया गया जोगी राबण का अभिनय लाखन सिह तोमर बरबाई के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे पातीराम उपाध्याय श्रीकृष्ण नेताजी जोहा बाले ने दरबार के झांकी की आरती उतारी।

# खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम



सूर्या फाउंडेशन-आदर्श गांव योजना के तहत मध्य प्रदेश के मालनपुर क्षेत्र में आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव के तहत चल रहे खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री विनोद कुशवाह थाना प्रभारी मालनपुर ,विशेष अतिथि श्री तपन कुमार जी सूर्या रोशनी लिमिटेड प्लांट हेड, श्री मुकुल चतुर्वेदी महाप्रबंधक मालनपुर ,सौरभ जी ष्टष्टह्ल मालनपुर ,शिवकुमार मध्य प्रदेश क्षेत्र प्रमुख सूर्या फाउंडेशन, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अशोक पाल जी के साथ समस्त अतिथि गणों ने मां भारती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों का तिलक व पटके से स्वागत अपने युवा साथी द्वारा किया गया, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सात दिवसीय किया गया। सभी विजय खिलाड़ियों को कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, 1 किलोमिटर दौड़, 50 मीटर, 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, नींबू चम्मच दौड़, रिले दौड़ एवं अनेक प्रकार के प्रतियोगिताएं कराई गई। सभी विजेताओं को मेडल प्रशस्ति पत्र व शिल्ड से सम्मानित सभी अतिथियों द्वारा किया गया, और उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिससे खेल में रुचि बना रहे और उनका मनोबल बढ़ता रहे।

कार्यक्रम की उद्बोधन में अपने मुख्य अतिथि श्री विनोद कुशवाह जी ने सभी के सामने ग्राम विकास की बात रखें गांव का विकास बाहर वाले नहीं गांव वाले को ही करना होगा इसलिए गांव के लोगों को सामने आकर अपने रास्ते खुद बनाना होगा ऐसी बात मुख्य अतिथि द्वारा ग्राम वालों को प्रेरणा स्रोत बातें बताया गया व खेल के महत्व के बारे में भी बातें रखा की पढ़ाई के साथ-साथ अपने शारीरिक विकास के लिए बच्चों को खेल की आवश्यकता है जिससे उसकी मांसपेशियां मजबूत होगा और शारीरिक विकास होगा। सुर्या फाउंडेशन के सौरभ जी भी अपने उद्बोधन में बताएं कि सूर्या फाउंडेशन कि जो 5 आयाम शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य, समरसता एवं स्वालंबन को लेकर आदर्श गांव योजना ग्राम विकास की ओर आगे बढ़ रहे हैं जिसमें एक-एक पग बढ़ाते हुए सफलता की ओर अग्रसर हो रहे हैं इस प्रतियोगिता में बहनों का भी बहुत सहभागिता रहा। गांव की बहने भी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सामने आई और अपनी भागीदारी निभाएं और रस्साकशी व कुर्सी दौड़ में अपनी भागीदारी निभाएं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के सभी युवा साथी वह हमारे सूर्या फाउंडेशन के शिक्षकों, हमारे ग्राम के प्रशिक्षित सेवाभावी का विशेष सहयोग मिला और समस्त ग्राम वासियों का भी सहयोग रहा इस प्रकार सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता चल रहे अमृत महोत्सव के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हमारे कार्य युक्त गांव सार्वजनिक प्रांगण में हुआ। जिसकी सफल आयोजन के लिए अशोक कुमार जी आदर्श गांव योजना प्रमुख मालनपुर को जाता है, और उनके मार्गदर्शन में पूरे युवा साथी कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा। वही कार्यक्रम के संचालन करते हुए मध्य प्रदेश के क्षेत्र प्रमुख श्री शिवकुमार रजवाड़े जी ने बताया कि सूर्या फाउंडेशन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे भारत भर के 18 राज्यों की 400 गांव में इस वर्ष अमृत महोत्सव की थीम पर आदर्श गांव योजना के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है, हम सभी जानते हैं आज हमारा देश ही नहीं पूरा विश्व कोविड-19 कोरोना महामारी का विराट काल देख रहा है, और इस विशेष वायरस से बचने के लिए हम सभी को डॉक्टर एवं स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा यूनिटी स्ट्रांग रखने के लिए विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश एवं वैक्सिंग भी लगाई गई, हमारे शरीर की मजबूती एवं यूनिटी स्ट्रांग करने के लिए आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में खेलकूद एवं योग जैसी गतिविधि को हमारी दिनचर्या में महत्व देना अत्यंत आवश्यक है इस काल के दौरान यह भी देखने को मिला कि शिक्षा से लेकर के हर एक क्षेत्र को ऑनलाइन गतिविधि से कार्य करने को प्रोत्साहन दिया गया लेकिन हमारी व्यक्तिगत जीवन में शरीर की मजबूती विवेकानंद जी जैसा तेज आदि को प्राप्त करने के लिए खेलकूद को प्रत्येक दिन की दिनचर्या में रखना अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण हैं।

कार्यक्रम के दौरान सूर्या फाउंडेशन के सूर्या संस्कार केंद्र, सूर्या यूथ क्लब केंद्र शिक्षकों सहित समस्त ग्रामवासी गण एवं युवा टोली उपस्थित रही।



## सीरवी समाज कोतनुर वडेर की नयी कार्यकारिणी का गठन

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**बेंगलूर**–समाज कोतनुर वडेर बेंगलूर की नयी कार्यकारिणी का चुनाव करवाने के उपलक्ष्य में दिनांक 26 जनवरी 2022 सुबह 10 बजे को आमसभा आयोजित की गई थी। सर्वप्रथम श्री आईमाताजी की आरती करके पूर्व कार्यकारिणी ने अपना इस्तीफा समाज को प्रस्तुत किया। समाज ने कार्यकारिणी का इस्तीफा मंजूर कर नई कार्यकारिणी गठन का कार्य शुरू किया गया। जिसमें पूर्व कार्यकारिणी का 3 साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर आमसभा की सर्वसहमति से जीवाराम बर्फा को अध्यक्ष पद हेतु चुना गया। उसके बाद उपस्थित समाज बन्धुओ ने कार्यकारिणी पदाधिकारीओ का गठन किया। जिसमे सचिव उमाराम हांम्बड उपाध्यक्ष प्रकाश हांम्बड उपाध्यक्ष राजूराम पंवार सहसचिव मालाराम चोयल व मांगीलाल हाम्बड कोषाध्यक्ष राजूराम काग उपकोषाध्य नेमाराम गेहलोत सूचना मंत्री दिनेश पंवार सहसूचना मंत्री सूखलाल सोयल व्यवस्था मंत्री ओमप्रकाश हाम्बड ने शपथ ग्रहण कर अपना कार्यभाल सम्भाला। इस मौके पर सीरवी समाज के कई गणमान्य सदस्य मौजूद थे

## भाजपा और कांग्रेस की जो मनुवादी मानसिकता है उससे ओबीसी का कभी भला नहीं हो सकता : ओबीसी जीतू लोधी

**ग्वालियर** – आज जिस प्रकार से भाजपा ओबीसी वर्ग के साथ छल कर रही है और ऐसे ही करती रही तो ओबीसी का भविष्य अंधकार और गुलामी की ओर अग्रसर है ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव जीतू लोधी ने ये बात कहते हुए सरकार पर निशाना साधा और ये भी कहा जो आज देश में माहौल बना है जिस तरह देश के पूंजीपति सत्ताधारियों की मदद कर रहे हैं लेकिन वह सत्ता पर खुद काबिज नहीं हो सकते क्योंकि उनकी संख्या कम है और लोकतंत्र में वोट जनता के पास होता है ओबीसी की संख्या सबसे ज़्यादा है ओबीसी इस बात को गम्भीरता से समझें और अपने वोट को बिकने न दें। और अपने हक अधिकार को समझें आने बाली पीढ़ी का भविष्य तभी उज्जवल है आप इस देश में 60त्न हैं इस बात को हमेशा याद रखें जो लोग अभी डर दिखा रहे हैं कि उन्हें वोट नहीं दिया तो बीजेपी आ जायेगी दरअसल यह वहीं पिछड़ा विरोधी दलाल लोग भाजपा से मिले हुये हैं। आप अपनी ताकत समझें और अपने वोट को अपने निर्माण में लगायें। पिछड़ा विरोधी भाजपा का डर दिखाकर सत्ता में आये।लोगों ने क्या किया ???? आज आपकी हालत इतनी बदतर क्यों है ?? आज ओबीसी महासभा को रोड़ों पर आंदोलन क्यों करना पड़ रहा है जब ओबीसी समाज में अन्याय उत्पीड़न होता है तो आपकी रक्षा में न तो भाजपा आती है न ही कांग्रेस और नाही भाजपा का डर दिखाकर आपके वोट से जीतकर मलाई खाने वाले लोग ही नज़र आते हैं।तब नजर आती है तो सिर्फ ओबीसी महासभा और उनके कार्यकर्त्ता ओबीसी समाज हमेशा से इसी तरह ठगा जाता रहा है ये पिछड़ा वर्ग के दलाल लोग ही ठगवाने का काम करते है ऐसे लोगों से बचें और जगह जगह ऐसे लोगों का विरोध करें इन पिछड़ा विरोधियों को गॉव में ना घुसने दें आये तो अपने हक अधिकार के बारे में पूछें और इनका काला मुँह करें इसीलिए अपने वोट की रक्षा करते हुये अपने वजूद का निर्माण करना है। जब अपनी सत्ता और एकता होगी तो सशक्तिकरण अपने आप ही होगा।



# गणतंत्र दिवस समारोह पर अच्छे कार्य करने वाले अधिकारियो एवं कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा किया गया सम्मानित













**पन्ना** – गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना ने कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले अधि0/ कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया गया । सम्मान समारोह में 1.रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल रक्षित केंद्र पन्ना को वीआईपी सुरक्षा एवं करोना संक्रमण की रोकथाम में अच्छे कार्य किए जाने पर सम्मानित किया गया, 2. निरीक्षक अरुण सोनी थाना प्रभारी कोतवाली को वीआईपी सुरक्षा एवं संपत्ति संबंधी अपराधों की धरपकड़ में , 3. निरीक्षक अरविंद कुजुर थाना प्रभारी अजयगढ़ को अवैध हथियार बनाने वाले एवं तस्करी करने वाले व्यक्तियों पर प्रभावी कार्यवाही करने, 4.निरीक्षक अमरदास कनारे थाना प्रभारी यातायात को यातायात प्रबंधन एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी हेतु किए गए बेहतरीन प्रयासों के लिए, 5.निरीक्षक विजय कुमार अहिरवार थाना प्रभारी अमानगंज को गुम बालक बालिकाओं की दस्तयाबी में, 6.उपनिरीक्षक अभिषेक पाण्डेय थाना प्रभारी देवेंद्रनगर को अवैध मादक पदार्थों एवं अवैध पशु तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही में, 7.उपनिरीक्षक बखत सिंह ठाकुर थाना प्रभारी बृजपुर को सामुदायिक पुलिसिंग में सराहनीय कार्य के लिए, 8.उपनिरीक्षक सुधीर बैगी थाना प्रभारी धरमपुर फरार अपराधियों के गिरफ्तारी एवं अपराधों के बेहतर निराकरण में, 9. उप निरीक्षक सत्येंद्र जैन विशेष शाखा पन्ना आसूचना संकलन में किए गए कार्य के लिए, 10.उप निरीक्षक रज्जन प्रसाद द्विवेदी जिला विशेष शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना को पासपोर्ट सेवा में दिए गए कार्य के लिए,11. सउनि मुनीर बेग डीसीआरबी शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना को नारकोटिक सामग्री के बेहतरीन निराकरण के लिए, 12. सउनि अजय पाल सिंह यादव पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना को सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में, 13.कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 249 राम रतन तिवारी को सौपे गये दायित्वों का निर्वाहन हेतु, 14. कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 177 आईमात सेन थाना अजयगढ़ को फरार अपराधियों की धरपकड़ में, 15. कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 574 सत्येंद्र बागरी थाना कोतवाली पन्ना को फरार अपराधियों की धरपकड़ मेंस, 16. आरक्षक 168 आशीष अवस्थी साइबर सेल पन्ना को साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी में फरियादियों की संपत्ति को वापस लौटाने में, 17.आरक्षक 231 धर्मेंद्र सिंह राजावत साइबर सेल पन्ना को साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी में फरियादियों की संपत्ति को वापस लौटाने में, 18. प्रवीण कुमार सिंह जिला अभियोजन अधिकारी जिला पन्ना को वर्ष 2021 में चयनित जघन्य सनसनीखेज प्रकरणों में माननीय न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी कुशलतापूर्वक करते हुए अभियुक्तओं को माननीय न्यायालय से दंडित कराया गया जिसके फलस्वरूप जिले का सजायाबी प्रतिशत 75त्न रहा इस हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, 19.दिनेश खरे सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी जिला पन्ना वर्ष 2021 में चयनित जगन ने सनसनीखेज प्रकरणों में माननीय न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी कुशलतापूर्वक करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय से दंडित कराया गया जिसके फलस्वरूप जिले का सजायाबी प्रतिशत 75त्न रहा इस हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, 20. ऋषि कांत द्विवेदी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना जिला पन्ना वर्ष 2021 में चयनित जघन्य सनसनीखेज प्रकरणों में माननीय न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी कुशलतापूर्वक करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय से दंडित करवाए जाने हेतु सहयोग प्रदान किया गया एवं मजिस्ट्रेट न्यायालयों में शासन की ओर से पैरवी करते हुए फरियादियों को उचित विधिक न्याय दिलवाया गया इस हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, 21. कपिल व्यास सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना को वर्ष 2021 में चिन्हित जघन्य सनसनीखेज प्रकरणों में माननीय न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी कुशलतापूर्वक करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय से दंडित करवाए जाने हेतु सहयोग प्रदान किया गया एवं मजिस्ट्रेट न्यायालयों में शासन की ओर से पैरवी करते हुए फरियादियों को उचित विधिक न्याय दिलवाया गया इस हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, 22. रोहित गुप्ता सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना को वर्ष 2021 में चयनित जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों में सहयोग प्रदान किया गया एवं मजिस्ट्रेट न्यायालयों में शासन की ओर से पैरवी करते हुए फरियादियों को उचित विधिक न्याय दिलवाया गया, 23. आशीष कुमार कुशवाहा जिला सूचना विज्ञान केंद्र पन्ना आई आर ए डी एफ में तकनीकी सहायता के लिए, 23. कार्यवाहक निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार थाना प्रभारी सिमरिया को दिनांक 22/12/ 2021 को ग्राम रैकवा के पास इंदौर से हनुमना जा रही बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल यात्रियों की सहायता करते हुए तत्परता से इलाज हेतु रवाना किया गया जो थाना प्रभारी द्वारा मानवीय कार्य किया गया, 24. उपनिरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह बघेल थाना प्रभारी गुनौर द्वारा दिनांक 05/01/2022 को अमानगंज रोड में पटना मोड के पास गुनौर से सुनवानी जा रही बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल यात्रियों की सहायता करते हुए तत्परता से इलाज हेतु रवाना किया गया जो थाना प्रभारी द्वारा मानवीय कार्य किया गया, 25. सउनि शिवमणि शुक्ला थाना गुनौर ने दिनांक 05/01/2022 को अमानगंज रोड में पटना मोड के पास गुनौर से सुनवानी जा रही बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल यात्रियों की सहायता करते हुए तत्परता से इलाज हेतु रवाना किया गया,26. प्रधान आरक्षक 251 नत्थू बागरी थाना गुनौर ने दिनांक 05/01/2022 को थाना गुन्नौर से एफआरबी वाहन ड्यूटी के दौरान पटना मोड के पास गुनौर से सिलवानी जा रही बस से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल यात्रियों की सहायता करते हुए तत्परता से इलाज हेतु रवाना किया गया, 27. एफ आर वी चालक पुरुषोत्तम लखेरा थाना गुन्नौर ने दिनांक 05/01/ 2022 को थाना गुनौर में एफ.आर.व्ही. वाहन ड्यूटी के दौरान पटना मोड के पास गुनौर से सुनवानी जा रही बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल यात्रियों की सहायता करते हुए तत्परता से इलाज हेतु रवाना किया गया, 28. आरक्षक 648 राहुल गुर्जर थाना सिमरिया ने दिनांक 22/12/21 को थाना सिमरिया में एफआरव्ही वाहन ड्यूटी के दौरान ग्राम रखवा के पास इंदौर से हनुमना जा रही बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल यात्रियों की सहायता करते हुए तत्परता से इलाज हेतु रवाना किया गया, 29. एफ आर व्ही वाहन चालक राधेश्याम दहायत थाना सिमरिया जिला पन्ना दिनांक 22/12/21 को थाना सिमरिया से एफआरबी वाहन ड्यूटी के दौरान ग्राम रैकवार के पास इंदौर से हनुमाना जा रही बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल यात्रियों की सहायता करते हुए तत्परता से इलाज हेतु रवाना किया गया, 30. कार्यवाहक सउनि राम सजीवन तिवारी पुलिस लाइन पन्ना ने दिनांक 24/12/21 को परभणी महाराष्ट्र से जिला पन्ना के श्रमिकों को श्रम विभाग की टीम के साथ सुरक्षित जिला पन्ना वापस लाया जा कर इन श्रमिकों को उनके गृह ग्राम तक पहुंचाने संबंधी सराहनीय कार्य हेतु, 31. आरक्षक ट्रेड 253 आशीष यादव पुलिस लाइन पन्ना ने दिनांक 24/12/2021 को परभणी महाराष्ट्र से जिला पन्ना के श्रमिको को श्रम विभाग की टीम के साथ सुरक्षित जिला पन्ना वापस लाया जा कर इन श्रमिकों को उनके गृह निवास तक पहुँचाया गया । उक्त अधि0/कर्म0 द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों को ध्यान में रखकर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा सभी को प्रोत्साहित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।

# गोहद में जनवादी महिला समिति नें मनाया73 वां गणतंत्र दिवस

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** देश की आजादी के लिए तमाम व्यक्तियों ने कुर्बानी दी और अपने आप को देश के प्रति शहीद किया उन शहीदों के कारण हम सभी अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुए और हमें खुली हवा देखने को मिली! डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा रचे गए संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया तब से हम अब तक 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के रुप में मनाते चले आ रहे हैं आज का दिन हमारे लिए उत्साह और खुशी का पर्व है जिसे संजोए रखने की आवश्यकता है

उक्त विचार गोहद के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर ने अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति द्वारा मनाए गए के 73 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर गोहदमें व्यक्त किए अध्यक्षता गुड्डी बाई माहौर द्वारा की गई संचालन जनवादी महिला समिति गोहद की सचिव शोभा माहौर द्वारा किया गया माहौर ने कहा की अट्ठारह सौ सत्तावन से आजादी के लिए लडाई लड़ी गई इतने लंबे अंतराल तक चली लडाई से हम 1947 में आजाद हो गए इस आजादी के लिए शहीद लोगों ने जनता की खुशहाली का जो सपना देखा था मगर उनका सपना साकार नहीं हुआ है देश की आजादी के लिए सभी वर्ग सभी धर्मों के लोगों ने हिस्सेदारी कर अपनी भूमिका निभाई मगर जो आजादी मिल चुकी है इसमें बेरोजगारी भुखमरी आत्महत्या जैसी तमाम बुराइयां उत्पन्न हो रही है जिसकी तरफ हम सभी को देखना होगा और जनहित लोकहित मैं जो सपने अधूरे रह गए हैं उन सपनों को साकार करने के लिए सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा श्री माहौर ने आव्हान किया कि इस लोकतंत्र में हम सभी को भाईचारा बनाये रखकर ऊंच नींच की खाई को पाटने एवं खुशहाल जीवन जीने के लिये संघर्ष करना है गण दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया जन गीत गाये गये अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति सचिव शोभा माहौर ने भी अपने बिचार व्यक्त किये और उन्होंने कहा अबकी आने वाले गणतंत्र दिवस को धूम धाम से मनाया जावेगा इस दौरान मिष्ठान वितरण किया गया इस अवसर पर प्रेमवती प्रजापति, मधु राठौर रेखा राठौर मीना रजक , फूलवती , चमेली विमला रामसखी प्रजापति, सपना सुनीता कुशवाह सहित तमाम महिलाएं उपस्थति रहीं।





## ग्राम पंचायत लबेड़ा में ग्राम प्रधान ब्रजभान सिंह लोधी द्वारा किया गया किया गया पंचायत भवन पर झंडा वंदन

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

पिछोर, जनपद पंचायत ग्राम लबेड़ा में बड़े हर्ष उल्लास के साथ सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान में रखते हुए किया गया झंडा वंदन एवं मनावर श्री माता के मंदिर पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम हुआ जो पंचायत भवन के समीप है एवं इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बृजभान सिंह लोधी सचिव नरेंद्र कुमार गुप्ता उप सचिव विजय पटसरिया कल्याण लोधी पंच अमोल लोधी सचिन पाल बीर सिंह विश्वकर्मा शैलेंद्र लोजी रानू लोधी शिव कुमार लोधी सुंदरलाल नेता आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे





## कैंप लगाकर नगर मंडल अध्यक्ष ने बनवाए आधा सैकड़ा से अधिक लोगों के निशुल्क ई श्रम कार्ड

**मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा //** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता के द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही श्रम योजना आयुष्मान योजना आवास योजना आदि कई योजनाओं की जानकारी देकर हितग्राहियों के आधा सैकड़ा से अधिक ई श्रम कार्ड प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधीनगर आश्रम पर बनवाए गए आयुष्मान कार्ड में ?500000 का स्वास्थ्य इलाज हेतु प्राइवेट हॉस्पिटल एवं सरकारी हॉस्पिटल में निशुल्क इलाज होगा ई श्रम कार्ड योजना में यदि किसी हितग्राही की मृत्यु होती है तो उसे ?200000 तक का लाभ मिलेगा आवास योजना मैं ऑनलाइन फॉर्म भरवाए गए तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की कई योजनाओं की जानकारी दी गई इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता बीके रेखा बहन संतोष प्रजापति जसराम गुप्ता कृष्णमुरारी गुप्ता श्याममुरारी बाबा हिमांशु गुप्ता शिवकांत गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया गौरवशाली भारतवर्ष का 73वाँ गणतंत्र दिवस





## प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने मुख्य समारोह में फहराया राष्ट्रध्वज

ग्वालियर। ग्वालियर जिले में गौरवशाली भारतवर्ष का 73वाँ गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, उमंग, हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। यहाँ कम्पू स्थित एस.ए.एफ ग्राउंड पर आयोजित हुये गरिमामयी मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और संयुक्त परेड की सलामी ली।

73वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह व पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी के साथ खुली जीप में सवार होकर संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। श्री सिलावट ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया। संयुक्त परेड में शामिल जवानों ने हर्ष फायर किये और राष्ट्रपति के जयकारे लगाये। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने 73वे गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि ने शांति और खुशहाली के प्रतीक हरे, सफेद व केसरिया रंग के गुब्बारे आसमान में छोड़े। विभिन्न विभागों द्वारा निकाली गईं शासकीय योजनाओं पर केन्द्रित झाँकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहीं।

### बीएसएफ एवं एसएएफ बैंड की मधुर धुन के बीच निकला आकर्षक मार्चपास्ट

संयुक्त परेड में सीमा सुरक्षा बल, विशेष सशस्त्र बल की द्वितीय वाहिनी, 13वीं व 14वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी सीनियर बालक व बालिका, कोटवार, नगर निगम स्वच्छता मित्र की टुकड़ियों ने बीएसएफ एवं द्वितीय वाहिनी एस ए एफ. के बैण्ड की मधुर धुन के साथ आकर्षक मार्चपास्ट किया। संयुक्त परेड का नेतृत्व परेड कमाण्डर निरीक्षक श्री रंजीत सिंह ने किया। टूआईसी की भूमिका सूबेदार श्री पीयूष मिश्रा ने निभाई। मार्चपास्ट के पश्चात सभी टुकड़ियों के परेड कमांडर्स से मुख्य अतिथि ने परिचय प्राप्त किया। इस मार्चपास्ट में सीमा सुरक्षा बल को प्रथम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को द्वितीय एवं एनसीसी सीनियर गर्ल्स को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टुकड़ियों शील्ड प्रदान की गईं।

### मनमोहक झाँकियाँ भी निकलीं

समारोह में शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर केन्द्रित विभिन्न विभागों द्वारा चलित झांकियां निकाली गई। जिसमें कोरोना टीकाकरण पर केन्द्रित थीम पर निकली लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की झाँकी को प्रथम पुरस्कार मिला। स्वच्छता सर्वेक्षण पर केन्द्रित नगर निगम की झांकी को द्वितीय एवं प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान पर केन्द्रित किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की झांकी को तृतीय स्थान का पुरस्कार मिला। पुरस्कार के रूप में मुख्य अतिथि श्री सिलावट ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शील्ड प्रदान कीं। इनके अलावा जेल, आदिम जाति कल्याण, वन, उद्योग, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य, स्मार्ट सिटी एवं उद्यानिकी विभागों की झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहीं।

### बीएसएफ के श्वान दस्ते ने दिखाए हैरत अंगेज करतब

एसएएफ मैदान पर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुए गरिमामयी समारोह में मौजूद नागरिकों को सीमा सुरक्षा बल के श्वान दस्ते द्वारा किए गए हैरतअंगेज करतबों ने सभी को भीतर तक प्रभावित किया। अपराधियों से निपटना हो अथवा फिर तस्करों की पहचान या फिर कठिन बाधाओं के बीच से होकर गुजरना हो। राष्ट्रीय श्वान दस्ते ने सभी बाधाओं को फतह करने का जीवंत प्रदर्शन करके दिखाया। साथ ही भारतीय योग विधा और स्वच्छता अभियान पर केन्द्रित प्रेरणादायी करतबों का प्रदर्शन श्वान दस्ते ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने करतल ध्वनि के साथ श्वान दस्ते का उत्साहवर्धन किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सौंपे प्रशस्ति-पत्र

उत्कृष्ट काम करने वाले विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों एवं समाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि श्री तुलसीराम सिलावट ने समारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

### इनकी रही मौजूदगी

एसएएफ ग्राउण्ड पर आयोजित हुए मुख्य समारोह में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, आईजी ग्वालियर श्री अनिल शर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, अपर कलेक्टर श्री इच्छित गड़पाले व श्री एच बी शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वयं जाँच कराने वालों एवं टीम द्वारा की गई जाँचों की अलग-अलग संक्रमण दर निकालें - श्री सिंधिया

### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने की कोरोना से निपटने के लिए की गईं तैयारियों की समीक्षा



ग्वालियर। लक्षण दिखाई देने पर जो लोग स्वयं कोरोना की जाँच कराने आते हैं और जिनकी जाँच सरकारी अमले द्वारा अभियान के तहत की जाती है, दोनों तरह की जाँचों की अलग-अलग संक्रमण दर (पॉजिटिविटी रेट) निकालें। जिससे सही-सही संक्रमण दर का पता लगे और मरीजों की बेहतर देखभाल की जा सके। इस आशय के निर्देश केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिए। श्री सिंधिया डिस्ट्रिक्ट क्राइसेस मैनेजमेंट ग्रुप और संबंधित अधिकारियों की बैठक में कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिये की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। गुरूवार को यहाँ मोतीमहल के मानसभागार में आयोजित हुई बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने डीआरडीओ ग्वालियर में कोरोना सेम्पल की जीनोम सीक्वेंसिंग कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि राज्य अथवा केन्द्र सरकार जहां से भी डीआरडीओ में जीनोम सीक्वेंसिंग कराने की अनुमति की जरूरत होगी वहाँ से अनुमति दिला दी जायेगी। बैठक में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने डीआरडीओ ग्वालियर में जीनोम सीक्वेंसिंग कराए जाने की ओर ध्यान आकर्षित किया था। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने बैठक में जोर देकर कहा कि शहर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में भी प्रमुखता के साथ कोरोना की जाँच कराई जाए। उन्होंने कहा कि ब? पैमाने पर हुए टीकाकरण की वजह से वर्तमान में ओमिक्रोन ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पा रहा है। फिर भी हमें पूरी तरह सावधानी बरतने की जरूरत है। कोविड अनुरूप व्यवहार के पालन के साथ-साथ सभी एहतियाती उपाय जरूरी हैं। पुराने अनुभव बताते हैं कि कोरोना वायरस तेजी के साथ अपना रूप बदलता है। इस बात को ध्यान में रखकर हमें हर समय कोरोना से निपटने की पुख्ता तैयारियां रखनी हैं।

**डोर टू डोर सर्वे कर शतप्रतिशत बच्चों का कराएँ टीकाकरण**

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बैठक में विशेष जोर देकर कहा कि डोर टू डोर सर्वे कर 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के शतप्रतिशत बच्चों को कोरोना के टीके लगवाएं। उन्होंने कहा बीएलओ, नगर पालिका निगम के कर्मचारी, ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत के कर्मचारी मिलकर इस काम को अंजाम दें। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों से भी उन्होंने आग्रह किया कि इस पुनीत काम में आप सब भी सहयोग करें। श्री सिंधिया ने 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों को तेजी के साथ प्रिकोशन डोज लगाने पर भी विशेष बल दिया। साथ ही कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मी और फ्रंट लाईन वर्कर्स को भी प्रमुखता के साथ प्रिकोशन डोज लगवाए जाएं।

**पॉजिटिविटी रेट में आई गिरावट**

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में जानकारी दी कि पिछले एक हफ्ते में कोरोना संक्रमण दर (पॉजिटिविटी रेट) में कमी आई है।

## केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर संभाग के तीन दिवसीय दौरे पर

### श्योपुर में करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन, समीक्षा बैठक भी लेंगे



ग्वालियर। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद श्री नरेंद्र सिंह तोमर 28 जनवरी से श्योपुर जिले के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान श्री तोमर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। साथ ही संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर विभागवार विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री श्री तोमर 27 जनवरी को दिल्ली से रेलमार्ग द्वारा रात लगभग 8.15 बजे ग्वालियर रेलवे स्टेशन पहुँचेंगे। श्री तोमर रात्रि 8.30 बजे स?क मार्ग द्वारा बैरा?-पोहरी होते हुए श्योपुर जिले के लिये रवाना होंगे। श्री तोमर रात्रि लगभग 10.30 बजे एमपीटी जंगल रिसोर्स कूनों पहुँचकर रात्रि विश्राम करेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर 28 जनवरी को प्रात: 10.30 बजे ग्राम गोरस में ग्रामीण विकास व पशु संरक्षण से संबंधित बैठक लेंगे और आम जनों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद कराहल मंडल के अंतर्गत ग्राम मालीपुरा पहुँचेंगे। इसी क?ी में दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत श्योपुर में सभागार भवन सह पेंट्रीकार और सामुदायिक भवन का भूमिपूजन करेंगे। श्योपुर में अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद अपरान्ह 3.30 बजे कलेक्ट्रेट के सभागार में दिशा कमेटी की बैठक लेंगे।

## पुलिस महानिरीक्षक ने किया सुपर बाजार का शुभारंभ



ग्वालियर। आज दिनांक 26 जनवरी को *पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन ग्वालियर श्री अनिल शर्मा* एवं *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी* द्वारा पुलिस लाइन ग्वालियर में सुपर बाजार का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एएसपी श्रीमती हितिका वासल, श्री अभिनव चौकसे, श्री सत्येंद्र सिंह तोमर, श्री जय राज कुबेर एवं समस्त नगर पुलिस अधीक्षक एवं अन्य थाना प्रभारी गण तथा पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के परिवार की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस लाइन ग्वालियर में उक्त सुपर बाजार स्थापित कराया गया है।

## दलित परिवार के बीच बैठकर प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने किया भोजन



ग्वालियर। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने लक्कड़खाना क्षेत्र में निवासरत एक दलित परिवार के बीच बैठकर दोपहर के भोजन का आनंद लिया। श्री पवन सिकारिया के घर पर आयोजित हुए इस भोज में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, अपर कलेक्टर श्री इच्छित गड़पाले तथा सर्वश्री हरीश मेवाफरोश व दीपक तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए और सामूहिक भोज का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण के लिए काम कर रही है। सरकार द्वारा इन वर्गों के कल्याण के लिये तमाम कल्याणकारी योजनायें चलाई जा रही हैं।

## 'विधायक डॉ.सिकरवार ने सेन समाज के 101 बुजुर्गो का किया सम्मान'



**ग्वालियर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती के अवसर पर आज 27 जनवरी को 16 ग्वालियर पुर्व विधानसभा के विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के मुख्यआतिथ्य में ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर मनाई गई। इस अवसर पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कर्पूरी ठाकुर जी के चित्र पर डॉ. सिकरवार एवं मौजूद अन्य कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सेन समाज के लोगो ने पुष्पांजली अर्पित की। इसके साथ ही विधायक डॉ. सिकरवार ने सेन समाज के 101 बुजुर्गो का शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री अबधेश कौरव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सरल और सरस हृदय के राजनेता माने जाते थे। सामाजिक रूप से पिछड़ी किन्तु सेवा भाव के महान लक्ष्य को चरितार्थ करती नाई जाति में जन्म लेने वाले इस महानायक ने राजनीति को भी जन सेवा की भावना के साथ जिया। उनकी सेवा भावना के कारण ही उन्हें जन नायक कहा जाता था, वह सदा गरीबों के अधिकार के लिए लड़ते रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। उनका जीवन लोगों के लिये आदर्श से कम नहीं था। कर्पूरी ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे आजादी के समय पटना की .ष्णा टॉकीज हॉल में छात्रों की सभा को संबोधित करते हुए एक क्रांतिकारी भाषण दिया कि ''हमारे देश की आबादी इतनी अधिक है कि केवल थूक फेंक देने से अंग्रेजी राज बह जाएगा'' 1977 में कर्पूरी ठाकुर ने बिहार के वरिष्ठतम नेता सत्येन्द्र नारायण सिन्हा से नेतापद का चुनाव जीता और राज्य के दो बार मुख्यमंत्री बने। लोकनायक जयप्रकाशनारायण एवं समाजवादी चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया इनके राजनीतक गुरु थे रामसेवक यादव एवं मधुलिमये जैसे दिग्गज साथी थे। लालू प्रसाद यादव, नितीश कुमार, राम विलास पासवान और सुशील कुमार मोदी के राजनीतिक गुरु थे।




## ऐतिहासिक सत्य गणतंत्र दिवस को गली गली चौराहे चौराहों पर जले केंद्रीय मंत्रियों के पुतले

### नारी शक्ति की रक्षा में बजरंगी मैदान में



ग्वालियर। संकट मोचन हनुमान बालाजी मंदिर गोल पाड़ा के चरण सेवक जगवीर दास तोमर ने बताया कि घोषित कार्यक्रम के अनुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को शेष बचे केंद्रीय राज्य मंत्रियों के पुतले शहर के मुख्य चौराहों फूल बाग पड़ाव गुरुद्वारा बहोड़ापुर घास मंडी चौराहा किला गेट सहित अन्य चौराहों पर गलियों में जलाए गए आज 19 पुतले जलाए गए हैं सितंबर माह से एक केंद्रीय मंत्री का पुतला जलाते हुए आज तक 45 केंद्रीय राज्य मंत्रियों के पुतले जला दिए गए हैं अगले चरण में अपनी मांगों के लिए प्रतिदिन एक खुला ज्ञापन पत्र रजिस्टर्ड डाक से एवं जीमेल के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी को भेजा जाता रहेगा 14 अगस्त तक यदि कोई सार्थक पहल हमारी मांगों के लिए नहीं हुई तो 15 अगस्त को संपूर्ण केंद्रीय मंत्रिमंडल के पुतले इसी तरह फूंके जाएंगे। यह आंदोलन 1 वर्ष से अधिक समय से चल रहा है सभी संबंधित को ज्ञापन दिए गए जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिए गए हैं 543 सांसदों को ज्ञापन दिए गए जून माह से प्रतिदिन एक सांसद का पुतला फूंका गया 100 सांसदों के पुतले फूंकने के बाद केंद्रीय मंत्रियों के पुतले जलाना प्रारंभ किया गया। यह आंदोलन नारी शक्ति को शारीरिक रूप से कमजोर होने से बचाने के लिए प्राकृतिक प्रसव सुनिश्चित कराने के लिए प्राइवेट नर्सिंग होम के डॉक्टरों द्वारा लूट खसोट को रोकने

## देशभक्ति के गीतों से गूँजा टाउन हॉल

ग्वालियर। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की शाम ग्वालियर के महाराज बाड़ा स्थित टाउन हॉल में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्तिपूर्ण गीतों की प्रस्तुति से टाउन हॉल गूँज उठा। उपस्थित श्रोताओं ने भी प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसके साथ ही भरतनाट्यम समूह नृत्य के साथ ही स्वच्छता पर भी नाटक की प्रस्तुति सराहनीय रही। जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा आयोजित भारत पर्व पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी कविता पर अपनी प्रस्तुति दी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478